तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 19.8 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 4 नवंबर 2025

12 एसएसपीयू में राष्ट्रीय हैकथॉन हैक ओमेनिया टूके-2025 का उद्घाटन

13 ऋतम्भरा साहित्य मंच का दीपावली मिलन समारोह और काव्य गोष्ठी





न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाउस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

**खबर संक्षेप**

## छेड़खानी करने वाले दो युवक पकड़ाए



**भिलाई।** छेड़खानी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सेक्टर 9 भिलाई मेडिकल से दवाई लेकर अपनी एक्टिवा से घर जा रही युवती को चौक के पास दो युवक बाइक सीजी 07 सीएल 4907 में पीछा करने लगे। उनसे बचने के लिए युवती ने गली में एक्टिवा को मोड़ दी। तब दोनों युवक अपनी बाइक को युवती के वाहन के सामने खड़ी कर उसे गाली गलौज कर हाथ पकड़ कर जबरदस्ती अपने बाइख में बैठाने लगे। छेड़खानी का विरोध करने पर अरोपियों ने युवती का बाल खींच कर मारपीट भी किया। युवती के चिल्लाने पर आसपास के लोग आए तब दोनों युवक फरार हो गए। पकड़े जाने के बाद युवकों से पूछताछ करने पर सेक्टर 9 भिलाई निवासी चन्द्रमणी ताण्डी, सेक्टर 07 अनुराग कुम्हार बताया है। आरोपियों द्वारा युवती का रास्ता रोक कर बेइज्जत करने के नियत से उसके साथ घटना करना स्वीकार किया। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## जमीन के नाम पर की धोखाधड़ी, तीन पकड़ाए



**भिलाई।** जमीन का फर्जीवाड़ा कर धोखाधड़ी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ग्राम पतोरा दुर्ग निवासी पुसऊराम साहू के मॉ स्व. सुरजाबाई साहू के नाम पर संयुक्त रुप से भूमि स्वामित्व में मौजा भू अभिलेख में दर्ज रहा है। पीड़िता का का पुत्र रुपेश कुमार साहू पर दबाव बनाकर अनुचित लाभ उठाते हुए पतोरा निवासी भूनेश्वर साहू, अचानकपुर देवादास मानिकपुरी, पूरन लाल साहू व अन्य साथियों के द्वारा मिलकर लाखों रुपये की जमीन को हड़पने का प्रयास किया। जिसके लिए तीनों ने मिलकर जमीन का के लिए कूटरचित आम मुख्त्यारनामा उप.पंजीयक कार्यालय दुर्ग में तैयार कराया। पीड़ित के बिना जानकारी के दस्तावेज तीनों आरोपियों ने तैयार किया। थाना प्रभारी तापेश्वर नेताम की टीम ने तीनो आरोपी भुनेश्वर, देवादास,पूरन लाल के बारे में पातासजी कर गिरफ्तार किया।

### नगर निगम भिलाई ने सफाई के दौरान छठ से पहले और बाद में किया था दवा का छिड़काव

# राधिका नगर के दाऊ बाड़ा तालाब में तीन दिन से मिल रही मरी मछलियां, दवा छिड़काव के बाद मौतें

*नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 7 राधिका नगर स्थित दाऊ बाड़ा तालाब में बीते तीन दिनों से मछलियों की मौत हो रही है। अब तक सैकड़ों की संख्या में मछली मरकर पानी के ऊपर तैरती हुई दिख रही है। स्थानीय लोगों ने मरी हुई मछलियों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन कुछ मछलियां नहीं निकल पाने से वो पानी में ही सड़ रही हैं और उससे तोज बदबू आ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निगम के कर्मचारियों ने छठ पर्व के समय तालाब में दवा डाली थी, उसके बाद से मछली मरना शुरू हुई।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

लोगों ने मामले की शिकायत के लिए नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर पर भी कॉल किया था, लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया। बाद में सूचना पाकर निगम के अधिकारी तालाब पहुंचे और मामले की जांच कर रहे हैं। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि मछलियों की मौत किस कारण से हुई है।

निगम के अधिकारियों का कहना है कि पानी में ऑक्सीजन की कमी के कारण ऐसा हुआ है। तालाब की हालत यह है कि यहां पानी में चारों तरफ मरी हुई मछलिया तैरती नजर आ रही हैं। सामाजिक संस्था हम साथ साथ हैं के सदस्य और स्थानिय नागिरक डॉ. बी लक्ष्मीनारायण और नितीन कुमार ने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ है। वे लोग रोज मछलियों सहित तालाब परिसर में लगे पेड़ों की देखरेख करते हैं। छठ पूजा के बाद तालाब की साफ सफाई के बाद निगम के कर्मचारियों ने कुछ दवा रूप गोली डाली थी। इसके बाद से ही मछलियों के मरने का सिलसिला शुरू हुआ है। पिछले तीन दिनों सैकड़ों की संख्या में मछली मर गई हैं और उन्हें तालाब से बाहर निकाला गया। अब भी बड़ी संख्या में मरी हुई मछली तालाब में तैर रही हैं। इसके कारण आसपास बदबू फैल रही है। स्थानीय लोगों ने निगम प्रशासन से मांग की है कि तालाब के पानी की जांच कराई जाए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।





### दूसरे तालाबों में नहीं मरी मछली

निगम के अधिकारियों के मुताबिक निगम ने राधिका नगर के साथ साथ भिलाई के सेक्टर-7 तालाब, सेक्टर 2 तालाब, खुर्सीपार बाबू नगर, खुर्सीपार सूर्यकुण्ड, खुर्सीपार दर्री तालाब, खुर्सीपार बाबा बालक, बैकुंठधाम कैंप 1 तालाब, हाऊसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड तालाब, कैंप 1 मुक्तिधाम तालाब, कुरूद नकटा तालाब, सुपेला शीतला माता तालाब, वार्ड 2 स्मृति नगर तालाब, वार्ड 4 भेलवा तालाब, वार्ड 6 संजय नगर तालाब, वार्ड 7 आमा तालाब, वार्ड 11 लिम्हा तालाब, वार्ड 13 भेलवा तालाब की पानी सफाई के लिए 100-100 ई-बॉल का छिड़काव किया गया था, लेकिन वहां एक भी मछली नहीं मरी है। तालाबों की सफाई के लिए यह नया प्रयोग किया गया था। विशेषज्ञों की मानें तो ई-बॉल से तालाब का पानी साफ होता है। तालाब से बदबू भी नहीं उठती है।

### ई-बॉल से मौत नहीं

भिलाई के कई तालाबों में पानी सफाई के लिए ई-बॉल डाली गई थी। सिर्फ वार्ड 7 स्थित दाऊ बाड़ा तलाब में ही मछली मरने की बात सामने आई है। ई-बॉल से मछलियों की मौत नहीं हुई है। कभी-कभी पानी में ऑक्सीजन की कमी के कारण ऐसा होता है। यहां भी आक्सीजन की कमी से मछली मरने की घटना हुई है।

**-जावेद अली**
स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम भिलाई

### तालाबों का पानी साफ करने डाला था ई-बॉल

छठ पर्व के दौरान तालाबों के पानी को साफ करने के लिए निगम ने ई-बॉल नाम की गोलियां डाली थी। निगम के अधिकारी के अनुसार ई-बॉल 14 प्रकार के हानिकारक बैक्टीरिया फंगस को मारता है। इसमें चुना कैल्शियम कार्बोनेट पाउडर का मिश्रण होता है। एक ई-बॉल का वजन 10 से 12 ग्राम होता है। यह पानी में डालने के 12 घंटे में ही घुल जाती है। 48 घंटे में इसका प्रभाव दिखने लगता है। इससे पानी में सड़न और प्रदूषण के कारण बनने वाले सूक्ष्मजीव नष्ट होने लगते हैं। ई-बॉल के सूक्ष्मजीवों के लिए कार्बन और नाइट्रोजन युक्त गंदगी ही भोजन बन जाता है। ई-बॉल पानी के पीएच पोटैशियम हाइड्रोजनी, टीडीएस, बीओडी, और और सीओडी के स्तर में सुधार कर पानी की गुणवत्ता को ठीक करता है। यह इको फ्रेंडली है इससे जलीय जीव- जंतुओं और पौधों को भी कोई नुकसान नहीं होता। 15 फीट गहराई वाले 1 एकड़ तालाब के लिए 120 गोली पर्याप्त है। इसका उपयोग नगर पालिक निगम अंबिकापुर, रायपुर एवं अन्य राज्यों में जैसे महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश किया जा चुका है। इसी तर्ज पर भिलाई के तालाबों में भी आयुक्त के निर्देश पर ई-बॉल का छिड़काव किया गया।

# नशे की दवा के साथ आठ युवक पुलिस की गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- खुर्सीपार व पद्मनाभपुर पुलिस की कार्रवाई
- 2.5 हजार नशीला कैप्सूल जब्त
- अवैध रूप से नशीली दवा को बेच रहे थे

नशे की दवा के साथ पुलिस ने आठ युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार स्थित आईटीआई ग्राउंड में नशीली कैप्सूल, टैबलेट अवैध रूप से रखकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करने वालों की जानकारी मिली। पुलिस मौके परर पहुंची और आरोपियों की खोजबीन में जुट गई। घेराबंदी कर

बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी रजनीश पांडे, राजीव नगर खुर्सीपार विपिन जेम्स, गौतम नगर खुर्सीपार श्याम कन्हैया विश्वकर्मा, बालाजी नगर रणजीत राम, राजीव नगर अभिजीत साहू, प्रगति नगर छावनी अरबाज खान उर्फ बाबू को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर नशे की दवा बेचना स्वीकार किया। आरोपी रजनीश पांडे से पुलिस ने बिना नंबर की बाइक, नशीली कैप्सूल 192 नग, नगदी रकम 400 रुपए, मोबाइल, विपिन 312 नाग कैप्सूल, मोबाइल और नगदी रकम तीन सौ , श्याम कन्हैया से कैप्सूल 264 नाग, मोबाइल, नगदी , रणजीत 280 नग कैप्सूल, मोबाइल, नगदी रकम, अभिजीत 296 नग कैप्सूल, अरबाज 700 नग कैप्सूल, मोबाइल बरामद किया। आरोपियों से कुल 2044 कैप्सूल आदि ,सामान जब्त किया है। इस दौरान खुर्सीपार टीआई आनंद शुक्ला, पदमनाभपुर टीआई राज कुमार लहरे समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### पद्मनाभपुर पुलिस ने भी पकड़ी दवा

पद्मनाभपुर पुलिस ने मानस भवन के पीछे रविशंकर स्टेडियम दुर्ग के पास नशीली दवाई बेचने वाले केलाबाड़ी निवासी फैजान अहमद, शिक्षक नगर दुर्ग साहिल कुमार यादव को पकड़ा है। आरोपियों के पास से पुलिस ने ट्रामाडोल टेबलेट की 45 स्ट्रिप, 371 कैप्सूल जब्त किया। इसके अलावा नगदी रकम 1110 रुपए, एक्टिवा, दो मोबाइल फोन बरामद किया है।

## संप्रेक्षण गृह की दीवार फांदकर भागे नाबालिग घर में मिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

- रविवार रात से फरार हुए थे सीसी कैमरों को पुलिस ने खंगाला

रविवार की रात अचानक तीन नाबालिग बाल संप्रेक्षण गृह से भाग निकले। जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला शुरु किया।

तीनों नाबालिगो को उनके घर के पास ही पकड़ा गया है। उसके बाद तीनों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक एक नाबालिग हत्या, दूसरा लूट और तीसरा अन्य मामले में बाल संप्रेक्षण गृह में रखा गया था। तीनों दीवार फांदकर भाग निकले। जिसकी भनक लगते ही प्रबंधन ने सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बच्चों के बाल सुधार गृह से भागने की सूचना मिली थी। तीनों अपने घर के पास ही छिपे हुए थे, पकड़कर वापस बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। बाल संप्रेषण गृह से नाबालिगों के भागने की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। भागने से विभाग के अफसरों की भी लापरवाही सामने आई। बावजूद अफसरों ने पहले हुई घटनाओं से सबक नहीं लिया।

## कर्ज से परेशान युवक ने लगाई फांसी, मृतक ने छोड़ा सुसाइड नोट

**पाटन।** कर्ज से परेशान युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम अखरा कडरा निवासी अनिल कुमार मरकाम उर्फ बन्नु 28 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। अनिल लंबे समय से आर्थिक तंगी और कर्ज लेकर परेशान हो गया था। अपने मकान के कमरे को भीतर से बंद कर अनिल आत्महत्या की। देर सुबह तक कमरा नहीं खुलने पर परिजनों ने झांकर देखने पर उसका शव फांसी पर झूलते नजर आया। सूचना पुलिस को मिलने पर घटनास्थल पहुंची। मृतक के पास से सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें कर्ज से परेशानी के कारण आत्महत्या करना लिखा हुआ है और लोन को माफ करने की गुजारिश भी की गई है। घटना की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचानामा कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मृतक विवाहित है। बताया जा रहा है कि



अनिल समूह लोन करीब दो से तीन लाख रुपए लिया था। प्राइवेट काम करता था। लोन समय से नहीं पटाने के कारण समूह लोन वाले लगातार अनिल को परेशान किया करते थे। कई बार अनिल ने उन लोगों को समझाया भी लेकिन समूह लोन वाले मृतक की बातों को दर किनार कर लगातार उसके घरआकर प्रताड़ित कर तकादा करते थे। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा।

## आग से लाखों का कबाड़ जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- घंटों मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने बुझाई आग
- भिलाई तीन थाना क्षेत्र की घटना

सोमवार को एक कबाड़ी दुकान में आग लगने जाने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मर दमकल वाहन मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई तीन स्थित वकील खान की कबाड़ी दुकान में धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने फायरब्रिगेड की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने आग पर काबू पाया। आग इतनी भीषण थी कि फायर कर्मियों को दुकान के भीतर घुसकर



बुझाना पड़ा। अग्निशमन विभाग ने बताया कि यदि समय पर टीम नहीं पहुंचती, तो आग पास की अन्य दुकानों और घरों तक फैल सकती थी। जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग केवल कबाड़ी दुकान तक ही सीमित रही, लेकिन दुकान में रखे लाखों रुपए के कबाड़ और अन्य सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गए। कबाड दुकान में आगजनी की घटना कैसे हुई इसकी जांच शुरू हो गई है। संदेह जताया जा रहा है कि आगजनी की घटना शॉर्ट सर्किट या बाहरी चिंगारी से होना बताया जा रहा है। मगर जांच के बाद ही आगजनी का करण स्पष्ट हो पाएगा।


### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान फोन पर की थी बात

# डॉ. तीजन बाई का एम्स में इलाज शुरू, बीपी-शुगर कंट्रोल में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पिछले दो साल से अस्वस्थ चल रहीं प्रख्यात पंडवानी गायिका पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई को आज उनके गृह ग्राम गनियारी से रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स रायपुर) ले जाया गया, जहाँ उनका पूरा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार एम्स रायपुर में मेडिसिन विशेषज्ञ, आहार विशेषज्ञ तथा न्यूरोलॉजी (स्नायु) विशेषज्ञों की टीम द्वारा उनका परीक्षण किया गया। साथ ही फिजियोथेरेपी उपचार भी कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि तीजन बाई का स्वास्थ्य इस समय काफी कमजोर है, हालांकि रक्तचाप और शुगर



स्तर नियंत्रित हैं। उनकी स्मरण शक्ति (याददाश्त) और पहचानने की क्षमता में कमी आई है। शरीर में हो रही अकड़न को कम करने के लिए नियमित फिजियोथेरेपी की सलाह दी गई है। चिकित्सकों ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और फॉलोअप के लिए आने की सलाह दी है। जिला स्तर पर गठित मेडिकल टीम द्वारा उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जा रही है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में गठित टीम में डॉ. शिखर अग्रवाल (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, भिलाई-3), खुशबू वर्मा (स्टाफ नर्स), किरण कोरिया (ईएमटी ), हिमांशु (वार्ड बॉय) शामिल हैं ।

### पीएम मोदी ने परिजनों को दिया था मदद का आश्वासन, प्रशासन आया हरकत में

उल्लेखनीय है कि शनिवार को राज्योत्सव पर राजधानी रायपुर पहुंचे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मोबाइल पर तीजन बाई के परिजनों से स्वास्थ्य आदि में बात की थी। परिजनों ने तीजन बाई की तबियत व खानपान में गिरावट की आने की बात कही थी। बताया था कि विभागीय कर्मियों की हड़ताल के कारण महीने भर से डाक्टरों की टीम चिकित्सा व जांच के लिए गनियारी स्थित घर पर नहीं आई है। इस पर पीएम ने स्वास्थ्य लाभ के साथ किसी भी तरह का काम होने पर बताने व मदद का भरोसा दिलाया था। इसके बाद तत्काल 10.30 बजे कलेक्टर, एसएसपी डाक्टरों के साथ तीजन बाई को घर पहुंचकर स्वास्थ्य की जांच करवा मदद का आश्वासन दिया था।डॉ. तीजन बाई छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं, जिन्होंने पंडवानी कला को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है। सभी प्रदेशवासी उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहे हैं।

## चाकू दिखाकर धमकाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नदी रोड दुर्ग के पास से डिपरा पारा दुर्ग निवासी कृष्णा सेन को पकड़ा गया है। युवक लोगों को धारदार चाकू लेकर डरा धमका रहा था। आरोपी के पास से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# एसआईआर का काम शुरू, आज से घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ, सात फरवरी को आएगी फायनल सूची

# 22 साल में जिले में बढ़ गए 48.35 प्रतिशत वोटर, 2003 में 9.79 लाख थे, जो अब बढ़कर हो गए 14.52 लाख, होगा पुनरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले सहित पूरे देश में मचे मतदाता सूची की गड़बड़ी के बवाल को बाद दुर्ग जिले में 2003 और 2025 की मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य 4 नवंबर से शुरू होने जा रहा है।

बता दें कि 2003 में जहां जिले में जहां 979071 मतदाता थे। वहीं वर्तमान स्थिति में इनकी संख्या बढ़कर 145509 हो गई है। इस प्रकार करीब 48.35 प्रतिशत मतदाता बढ़ चुके हैं। 22 साल में इन वोटरों की संख्या में 473438 वोटरों की संख्या बढ़ी है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला निर्वाचन ने सभी मतदाताओं के सत्यापन कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए 4 नवंबर से अभियान की शुरुआत हो रही है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के बारे में जानकारी लेंगे।वहीं नए नाम जोड़ने के साथ एक से ज्यादा जगहों पर दर्ज नाम काटे जाएंगे। निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का प्रारंभिक प्रकाशन 28 अक्टूबर को किया गया है। 4 नवंबर से शुरू अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान घर-घर दस्तक दी जाएगी। 7 फरवरी 2026 को तैयार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने एसआईआर को लेकर जानकारी दी। 9 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। 8 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति ली जाएगी। 31 जनवरी 2026 तक नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन) रहेगा।

खास खबर

7 फरवरी को फाइनल सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। इस मतदाता सूची के पुनरीक्षण को काफी अहम माना जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य कोई अवैध नागरिक न जुड़े एवं भारत के वैध नागरिक न छूटे, जिससे मतदाता सूची शुद्ध रहे। एसआईआर के तहत मृत एवं अन्यत्र निवासरत व्यक्तियों का नाम फार्म-7 भरकर मतदाता सूची से हटाया जाएगा। 1 जनवरी 2026 की स्थिति में नए मतदाताओं का नाम फार्म-6 भरकर दर्ज करने की कार्यवाही की जा सकेगी। साथ ही मतदाता सूची में त्रुटि सुधार हेतु फार्म-8 का उपयोग कर, मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सकेगा।

**4 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने का काम होगा, इसके बाद ली जाएगी दावा-आपत्ति**

### जिले में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा

31 अक्टूबर 2025 की स्थिति में जिले में कुल 6 पूर्ण एवं 02 आंशिक विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमें दुर्ग शहर, ग्रामीण, वैशालीनगर, भिलाईनगर, पाटन, अहिवारा और दो आंशिक बेमेतरा और साजा शामिल हैं। कुल 1520 मतदान केन्द्र (युक्तियुक्तकरण उपरांत 222 नए मतदान केन्द्रों पर भारत निर्वाचन आयोग का अनुमोदन प्राप्त) है। उनमें 718777 पुरुष मतदाता, 733677 महिला मतदाता एवं 55 अन्य मतदाता हैं। इस प्रकार कुल 1452509 मतदाता हैं। वहीं 2003 की स्थिति में इन विधानसभा क्षेत्रों में कुल 975 मतदान केंद्र थे, जिनमें 505595 पुरुष मतदाता, 473476 महिला मतदाता थीं। इस प्रकार कुल 979071 मतदाता शामिल थे। वर्ष 2003 में दुर्ग में 11 विधानसभा सीटें थी। उनमें कुल 1949 मतदान केन्द्र थे। पुरुष मतदाताओं की संख्या 950318, महिला मतदाताओं की संख्या 926286 थी। इस प्रकार कुल मतदाताओं की संख्या 1876604 थी।




### बीएलओ की भूमिका अहम, मतदाताओं से सहयोग की अपील

मतदाता पुनरीक्षण में बूथ लेवल अफसर की भूमिका अहम मानी जा रही है। इसलिए मतदाताओं से सहयोग की अपील की गई है। बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र (ईन्यूमरेशन फार्म) उपलब्ध कराएंगे। उनसे गणना प्रपत्र भरवाकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु जिले में राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की गई है। मतदाता जागरूकता हेतु विशेष प्रचार-प्रसार किये जाएंगे। जिसमें बीएलओ के सहयोग और जिले के सभी मतदाताओं की सहभागिता अपेक्षित है। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं से संकलन किये गये गणना प्रपत्र के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की कार्यवाही करेगा। ऐसे समस्त मतदाता जिनका नाम पिछले पुनरीक्षण 2003 की मतदाता सूची से मैच, लिंक नहीं होगा अथवा जिनका इन्युमरेशन फार्म प्राप्त नहीं होगा। उन्हे ईआरओ द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। सत्यापन के बाद नाम जोड़े जाएंगे।

### हेल्प डेस्क या 1950 नंबर पर ली जा सकती है जानकारी, ऑनलाइन पोर्टल में भी पंजीयन

मतदाता सूची को लेकर किसी भी प्रकार की परेशानी को लेकर जिला निर्वाचन में हेल्प डेस्क बनाया गया है। इसके अलावा 1950 नंबर भी जारी किया गया है। मतदाताओं का नाम ढूंढने के लिये पोर्टल **voters.eci.gov.in** का उपयोग किया जा सकेगा, जिसमें मतदाता का नाम 2003 में भारत के जिस भी राज्य में होगा यह खोज सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि व्यक्तियों की अर्हता संदेहजनक होगी उनको ईआरओ द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। तदुपरांत उनका पक्ष सुनकर अंतिम आदेश ईआरओ द्वारा किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र के भीतर ही निवास/मतदान केन्द्र परिवर्तन हेतु अथवा मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि में संशोधन हेतु या त्रुटि सुधार हेतु, दिव्यांग के रूप में मार्किंग हेतु फार्म-8 में आवेदन संबंधित मतदाता द्वारा किया जाएगा। उसके साथ भी अतिरिक्त घोषणा-पत्र देना अनिवार्य होगा। ईआरओ द्वारा प्राप्त दावा आपत्तियों की सूची नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी तथा प्रति सप्ताह प्राप्त दावा-आपत्तियों की सूची को राजनीतिक दलों के साथ भी शेयर किया जाएगा।

### हर विधानसभा के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त, करेंगे सुनवाई

विधानसभा 62 पाटन के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लवकेश ध्रुव बनाए गए हैं। इसी प्रकार विधानसभा 63 दुर्ग ग्रामीण के लिए हरवंश सिंह मिरी, दुर्ग शहर के लिए अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल, विधानसभा 65 भिलाई नगर के लिए अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, विधानसभा 66 वैशाली नगर के लिए संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस तथा विस 67 अहिवारा के लिए सोनाल डेविड को नियुक्त किया गया है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, एसडीएम भिलाई हितेश पिस्दा एवं एसडीएम दुर्ग शहर उत्तम ध्रुव सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### भूतपूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि मनाई गई

**भिलाई।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि का कार्यक्रम के दौरान सेक्टर 1 ओवरब्रिज के नीचे बने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। स्वर्गीय इंदिरा गांधी का जीवन, समर्पण नेतृत्व आज भी सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस दौरान पुण्यतिथि पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा, जिला महामंत्री हरीश सिंह समेत जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, पार्षद सुरेश वर्मा, साधना सिंह, नोमिन साहू प्रदेश महासचिव ख्वाजा अहमद, अभिषेक अवस्थी, लक्ष्मण सहित कांग्रेसजन मौजूद थे।

### महंगी बिजली के विरोध में आप का प्रदर्शन आज

**दुर्ग ।** आम आदमी पार्टी महंगी बिजली को विरोध में प्रदर्शन करेगा। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता कों परेशान करने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती है। अनाप शनाप बिजली के बिलों से जनता त्रस्त हो चुकी है। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा जनता को हो रही इन परेशानियों पर 4 नवंबर को विशाल धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है, आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महंगी करना समझ से परे है। पूछने पर जानकारी दी जा रही है कि वितरण कंपनी को घाटा हो रहा था। इस कारण बिजली दर बढ़ाई गई है। जबकि वितरण कंपनी को अपने खर्चो में कटौती करनी चाहिए थी। विद्युत की 4 कंपनियों की जगह है। अगर 1 कंपनी होती तो अतिरिक्त 3 कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारी के वेतन और खर्चों की बचत होती। संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने कहा सरकार विद्युत कंपनियों के खर्चे कम नहीं कर रहे, जिसकी भरपाई छत्तीसगढ़ की जनता से बिजली दर में बढाकर की जा रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैर जरूरी चार्ज लिए जाते हैं। विद्युत कंपनी छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही है। लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल ने बताया इस कारण आम आदमी पार्टी 4 नवम्बर को प्रदेशव्यापी धरना के तहत दुर्ग मे भी प्रदर्शन किया जाना तय किया गया है। 3 जुलाई को बढ़ी हुई बिजली दरों पर सरकार को ज्ञापन दिया था। धरना प्रदर्शन किया था, किन्तु सरकार ने अब तक मांग नहीं मानी। जिला अध्यक्ष रवि साहू ने कहा यदि सरकार बढ़ी हुई बिजली दर को वापस नहीं लेती है तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी आम जनता के हितों के लिए इससे भी बड़ा आंदोलन पूरे प्रदेश में करेगी।

**रखरखाव के अभाव में बदहाली : चिल्ड्रन पार्क में भी साफ-सफाई की कमी, मुख्य द्वार का गेट भी टूटा**

# भिलाई-चरोदा की शान पुष्पवाटिका में न फूल बचे न हो रही सफाई, लोगों की आवाजाही हुई कम

*नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 18 वसुंधरा नगर स्थित पुष्पवाटिका और चिल्ड्रन पार्क में सफाई की हालत बेहद खराब है। झाड़ियों और जंग लगे ओपन जिम के कारण लोगों का आना-जाना कम हो गया है। 40 वार्डों के दो पार्क पुष्पवाटिका और चिल्ड्रन पार्क आज बदहाल स्थिति में है। नाम पुष्पवाटिका है, लेकिन यहां सिर्फ कचरे में उगे कुछ कमल के फूल ही नजर आते हैं। बाकी जगह घास और झाड़ियों ने कब्जा कर लिया है। लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए इस मनोरंजन स्थल की हालत देखकर यही सवाल उठता है कि रखरखाव की जिम्मेदारी आखिर कौन निभा रहा है?*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र के वसुंधरा नगर स्थित पुष्पवाटिका पार्क का हाल देख कोई भी समझ सकता है कि रखरखाव पर ध्यान कितना कम दिया जा रहा है। जीई रोड के किनारे वार्ड 18 की यह पुष्पवाटिका कभी लोगों के टहलने और बच्चों के खेलने की जगह हुआ करती थी, लेकिन अब यह कचरे, झाड़ियों और टूटी मशीनों का अड्डा बन गई है। यहां लगे कई पौधे भी देखभाग के अभाव में सुखने लगे है। लोगों के चलने के लिए बनाए गए रोप वे में भी लंबे समय से सूखी पत्तियां फैली हुई है। पुष्पवाटिका में एक फव्वारा भी है, जो बंद पड़ा हुआ है। लंबे समय से फव्वारे का पानी नहीं बदलने से इसका पानी मटमैला हो गया है। यहां सिर्फ कमल के कुछ फूल खिले हुए हैं। वैसे भी कहावत है कि कीचड़ में ही कमल खिलता है।

**चिल्ड्रन पार्क का गेट टूटा, पुष्पवाटिका में उगे झाड़-झंखार, फाउंटेन भी हुआ बर्बाद**





### चिल्ड्रन पार्क का भी देखरेख नहीं

देखरेख के अभाव में चिल्ड्रन पार्क का हाल बेहाल है। प्रवेश द्वार कई दिनों से टूटा पड़ा है। बाउंड्री वाल भी टूटा है। इस पार्क में बड़ी संख्या में बच्चे आते हैं, लेकिन जंगल झाड़ी की वजह से परिजनों को जहरिले कीट पतगों द्वारा काटे जाने का डर लगा रहता है। यहां भी साफ सफाई का अभाव है।





### ओपन जिम की मशीनों पर लगी जंग

पार्क के बनी ओपन जिम की मशीनों पर जंग चढ़ चुका है। आसपास झाड़ियां इतनी बढ़ गई हैं कि लोग वहां रुकना भी नहीं चाहते। पार्क की दीवारों पर साफ-सफाई के कई स्लोगन लिखे हैं जो अब धुंधला पड़ चुका हैं। लोगों को सांप-बिच्छु द्वारा काटे जाने का डर लगा रहता है। जो पार्क कभी वसुंधरा नगर की पहचान था, अब बदहाली की मिसाल बन चुका है।

**बास्केटबॉल ग्राउंड भी बदहाल स्थिति में:** यही हाल पुष्पवाटिका के बगल में बने बास्केटबॉल ग्राउंड का भी है। इसका निर्माण इसलिए किया गया था कि आसपास के खिलाड़ी यहां आकर प्रैक्टिस कर सके। मैदान के चारों ओर झाड़ियां उग आई हैं और जमीन पर कचरा फैला है। यहां भी साफ सफाई का अभाव है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निगम की ओर से यहां महीनों से सफाई नहीं हुई।

### मैं हूं नया

अभी मैं यहां नया-नया आया हूं। भिलाईतीन चरोदा पालिका अंतर्गत कितने पार्क है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। उच्च अधिकारियों चर्चा कर पार्कों की साफ सफाई कराई जाएगी।

प्रभाकर शुक्ला, सब इंजीनियर, प्रभारी उद्यानिकी विभाग

### की जा रही खानापूर्ति

पुष्पवाटिका की साफ-सफई को लेकर कई बार शिकायत की गई है। जंगली पौधों के कारण रोपे गए पौधे भी मर रहे है। शहर सरकार द्वारा साफ सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। लगभग 17 लाख रुपए का पौधरोपण किया गया है, लेकिन कहां-कहां हुआ इसकी कोई जानकारी नहीं है।

-राम खिलावन वर्मा
नेता प्रतिपक्ष, नपानि भिलाई-चरोदा

### एसएसपीयू में राष्ट्रीय हैकथॉन हैक ओमेनिया टूके-2025 का उद्घाटन



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय 3 से 4 नवंबर तक राष्ट्रीय स्तर की हैकथॉन प्रतियोगिता हैकओमेनिया टूके 25 ग्रैंड फिनाले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के सहयोग से हो रहा है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशभर के युवा नवोन्मेषकों, डेवलपर्स और टेक्नोलॉजी प्रेमियों को एक मंच पर लाना है, ताकि वे वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए नवीन तकनीकी पर विचार प्रस्तुत कर सकें। इस मौके पर प्रमुख कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर हम सबको आगे बढ़ना चाहिए और युवाओं को भारत के विकास के लिए नए खोज एवं अनुसंधान में आकर समस्याओं का निराकरण के लिए आगे आना चाहिए। गंगाजली एजुकेशन सोसाइटी के प्रेसिडेंट डॉ. जया मिश्रा, कुलपति प्रो. एके झा ने संबोधित किया। इस अवसर पर विवि के विकास निदेशक डॉ. सुशील चंद्र तिवारी, कुलसचिव डॉ. स्मिता सेलट, एसएसटीसी के निदेशक पीबी देशमुख, कुलानुशासक डॉ. गोबिंद शर्मा आदि मौजूद थे।

### एग्री स्टैक की पंजीयन तारीख बढ़ाने किसान मोर्चा ने की मांग

**दुर्ग।** किसानों के एग्री-स्टेक पंजीयन की समय वृद्धि बढ़ाने को लेकर बीजेपी किसान मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिला। प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सीएम निवास में कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। आलोक ठाकुर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश के हमारे अन्नदाता किसान भाइयों को एग्री-स्केट पंजीयन जो समय अवधि 31 अक्टूबर अंतिम तिथि थी, जिसके कारण बहुत से किसान भाई अपना पंजीकरण से पिछड़ चुके हैं। इस पंजीयन में तकनीकी त्रुटियां काफी आ रही है। इसके कारण प्रदेश में बड़ी संख्या में किसान भाई एग्री-स्टैक पंजीयन



नहीं करा पाए हैं, जिसके चलते उन्हें इस वर्ष धान विक्रय से वंचित होना पड़ेगा। एग्री-स्टैक पंजीयन की समय अवधि को बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से चर्चा के बाद इस विषय में सार्थक प्रयास का भरोसा दिलाया। दुर्ग जिला अध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।

### मोदी की गारंटी लागू कराने की मांग को लेकर मंच का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष करण सिंह अटेरिया द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा के घोषणा पत्र में उल्लेखित मोदी की गारंटी के तहत राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से मंहगाई भत्ता देने की एक सूत्रीय मांग के लिए एक मांग एक मंच का गठन किया गया। इस अवसर पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। मिलन समारोह में सम्मिलित होने वाले कर्मचारी एवं पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधि महेंद्र सिंह राजपूत पूर्व अध्यक्ष मंत्रालयीन कर्मचारी संघ, गोपाल साहू प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन, डॉ. डीपी मनहर प्रांताध्यक्ष पेंशनधारी कल्याण संघ, आरके थवाईत प्रांताध्यक्ष प्रगति शील पेंशनर कल्याण संघ, सूरज प्रसाद देवांगन, विद्या भूषण दुबे, डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर, उमा जाटव सहित अन्य मौजूद थे।

**जनदर्शन में 112 शिकायतों और आवेदनों पर सुनवाई**

# अवैध कब्जा, सीमांकन जैसी शिकायतों की भरमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 112 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम खपरी सरपंच एवं ग्रामवासियों ने शिक्षक की मांग की। उन्होंने बताया कि धमधा शासकीय प्राथमिक शाला खपरी (बरहापुर) धमधा में कार्यरत सहायक शिक्षक के निलंबन के बाद शाला में शिक्षक की कमी हो गई है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शाला प्रबंधन द्वारा विभाग को शीघ्र एक अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था करने की मांग की है ताकि शिक्षण कार्य सुचारू रूप से जारी रह सके। इस पर कलेक्टर ने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

**कलेक्टर ने सभी आवेदनों को टीएल में रखने के दिए निर्देश**



### खुर्सीपार में 5 साल से नाली का अधूरा निर्माण, बारिश के दिनों में दिक्कत

भिलाई निवासी ने नाली की मरम्मत कराने आवेदन दिया। खुर्सीपार वार्ड क्रमांक 47 के समीप स्थित बड़ी नाली पिछले पांच वर्षों से अधूरी पड़ी हुई है। नाली पूरी तरह टूटने की कगार पर है, जिससे आसपास के रहवासियों में भय का माहौल है। स्थानीय निवासी ने बताया कि नाली का टेंडर लगभग पांच वर्ष पूर्व जारी हुआ था, परंतु कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। समय के साथ नाली के किनारे की मिट्टी कटकर गहरी खाई बन गई है, जिससे प्लॉट और मकान को भी नुकसान पहुंच रहा है। नाली की गहराई बढ़ने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में वार्ड पार्षद को भी जानकारी दी गई थी। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### हुडको में खस्ता हाल पानी की टंकी मेंटेनेंस की मांग

हुडको संघर्ष समिति के संयोजक ने हुडको स्थित पानी टंकी का जीर्णोद्धार करने की मांग की। उन्होंने बताया कि भिलाई हुडको सेक्टर वार्ड क्रमांक 69 स्थित पानी की टंकी में संधारण के अभाव में आधा दर्जन स्थानों पर छेद हो गए हैं, जिससे रोजाना हजारों लीटर पेयजल बह रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह टंकी बीएसपी द्वारा लगभग 40 वर्ष पूर्व निर्मित की गई थी, पर अब इसके कॉलम जर्जर हो चुके हैं। पिछले पांच वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं हो सकी है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## निधन

### ज्योति नायडू



**भिलाई।** सेक्टर 10 सिविक सेंटर भिलाई निवासी ज्योति नायडू 72 वर्ष का निधन 3 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 नवंबर को नेहरू नगर कब्रिस्तान में सुबह 11.30 बजे किया जाएगा। वे एम कमल नायडू की पत्नी एवं पेन्की सुनीता, सुनील नाविरी की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### राम कुमार अग्रवाल



**भिलाई।** राम कुमार अग्रवाल पिता स्वर्गीय महादेव प्रसाद अग्रवाल का आकस्मिक निधन 2 नवंबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निवास रेजीमेंटल प्रेस दुर्ग से दोपहर 3 बजे हरनाबंधा के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### रुपेन्द्र सिंह



**सेलूद।** बजरंग चौक सेलूद निवासी रुपेन्द्र सिंह का निधन 1 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 नवंबर को उनके मूल निवास गाजीपुर उत्तरप्रदेश में किया गया। उनके निधन पर ग्राम सेलूद के बल्लु राय, अजयसिंह, भागवत बंछोर, हेमंत कपूर, अरविंद आलम अशोक राणा, अजय सिंह, चदन साहू, लक्ष्मी नारायण आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### समिति ने अपने स्वयं के व्यय से बनाया समिति का कार्यालय

# गांव की सभी प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए 25 वर्षों से मना रहे राज्य स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

बहुउद्देशीय आयोजन समिति, ग्राम पंचायत औंधी एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से लगातार 25 वां वर्ष ग्राम औंधी में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव स्थापना दिवस एवं मंडाई मेला मनाया गया । पाटन विधानसभा का ग्राम औंधी एक मात्र ऐसा गांव है जहां छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से लगातार छत्तीसगढ़ राज्योत्सव स्थापना दिवस मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का 25 वां वर्ष रजत जयंती के रूप में मनाया गया।

इस कार्यक्रम के अतिथि श्री राकेश ठाकुर ने अपने उदबोधन में कहा कि छत्तीसगढ महतारी के रक्षा के लिए काम करना पड़ेगा। छत्तीसगढ में सरकार बदलते ही छत्तीसगढ महतरी के मुर्ती ल तोड़े के काम करके अपमान करे के काम होत हे यह सब निंदनीय है ।वर्तमान सरकार को छत्तीसगढ और छत्तीसगढिया से कोई मतलब नहीं है राज्य स्थापना जैसे कार्यक्रम में छत्तीसगढ महतारी के फोटो विरोध के बाद लगाया गया है । हमारा स्थानीय पकवान ठेठरी खुरमी पबची कार्यक्रम में कही दिखाई नहीं देता है ।

**औंधी में राज्य स्थापना दिवस पर हुए सम्मानित**



सुबह 10 बजे से गाँव में कलश यात्रा गांव निकाला गया और दोपहर 12 बजे गांव के देवी देवताओं की पुजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण, दोपहर 2 बजे से महिलाओं व बच्चों का खेलकूद, शाम 6 बजे से स्कूली बच्चों का रिकार्डिंग डांस, पुरस्कार वितरण ।इसी कड़ी में पत्रकार बलराम यादव किशन हिरवानी बलराम वर्मा का सम्मान किया गया ।रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध नाच पार्टी फुल मोगंरा ग्राम बामी सूरजपुरा जिला कबीरधाम (छ.ग.) वालों की भव्य प्रस्तुति हुआ।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, आशीष वर्मा पूर्व ओएसडी पूर्व मुख्यमंत्री, संतोषी तिवारी, थानेश्वर यदु, परदेशी राम देशलहरे सरपंच ग्राम पंचायत औंधी, दीपक चंद्राकर उपसरपंच ग्राम पंचायत औंधी, रविशंकर वर्मा, गजाधर प्रसाद वर्मा, रामकिसुन यदु, सेतू लाल साहू, दिनेश कुमार टंडन, लक्ष्मण प्रसाद यादव, बद्री प्रसाद वर्मा, मोहन लाल , पंकज कुमार वर्मा, भागीरथी वर्मा, कार्तिक ठाकुर, ईतवारी राम ठाकुर, जयराम ठाकुर विक्की यादव भोपाल यादव अजय वर्मा भागवत ठाकुर मनोज यादव प्रवीण सपहा संतराम वर्मा भगवती वर्मा मुरली यादव सनत कुमार यादव बिक्रम यादव ईश्वर धीवर चैनसिंह ठाकुर छन्नू लाल श्रीमती मीरा वर्मा मीना वर्मा सरोज वर्मा कौशिल्या चन्द्राकर उर्मिला साखर लक्ष्मी वर्मा उर्मिला खिचारिया सरोज चौधरी दुलौरिन यादव प्रभा देवी उपस्थित थे।

## ऋतम्भरा साहित्य मंच का दीपावली मिलन समारोह और काव्य गोष्ठी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

नगर की एक मात्र साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था ऋतम्भरा साहित्य मंच द्वारा रविवार को दीपावली मिलन एवं सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन प्रेस क्लब सभागार में किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रामाधार शर्मा उपस्थित थे। अध्यक्षता नारायण वर्मा ने की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर पूजा पाठ किया गया इसके पश्चात मुख्य अतिथि रामाधार शर्मा ने उपस्थित सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विगत 38 वर्षों से ऋतम्भरा साहित्य समिति नगर में साहित्य सेवा में जुटी हुई है। इस लंबे अंतराल में संस्था द्वारा प्रदेश स्तर पर कई महत्वपूर्ण साहित्यिक आयोजन किये गए जो अबतक अनवरत चल रहे हैं। संस्था में आज भी कई वरिष्ठ साहित्यकार लगातार लिख पढ़ रहे हैं कई रचनाकारों की अपनी कृति का प्रकाशन हो चुका है। इस लंबी यात्रा में कई युवा रचनाकारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अध्यक्ष नारायण वर्मा ने कहा कि नगर के लिए यह गौरव की बात है कि यह साहित्यिक संस्था लगातार युवा एवं वरिष्ठ साहित्यकारों को साथ लेकर चल रही है समय समय पर प्रकाशित कृतियों का विमोचन सम्मान एवं संस्था के द्वारा संग्रह का प्रकाशन भी किया जाता रहा है। कोषाध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने आगामी जनवरी 2026 को वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह हेतु प्रस्ताव रखा जिसे सभी ने ध्वनिमत से अपनी सहमति प्रदान की। इसके पश्चात उपस्थित सभी रचनाकारों ने अपनी अपनी रचनाओं का पाठ किया जिनमे मुख्य रूप से डॉ. नीलकंठ देवांगन, लखनलाल साहू, कामता प्रसाद दिवाकर, जगन्नाथ निषाद, प्रियर्सन देव, नरेश आदि शामिल थे।

### साहू संघ पाटन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने की मुलाकात

**पाटन।** साहू संघ पाटन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण समाज के प्रमुखों से सौजन्य भेंट मुलाकात कर आशीर्वाद लिया है। आपको बता दें तहसील साहू संघ पाटन के अध्यक्ष लालेश्वर साहू के नेतृत्व में सर्वप्रथम जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू से सौजन्य भेंट मुलाकात कर पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू ,पूर्व कैबिनेट मंत्री रामशिला साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू साथ ही समाज के युवा नेता दीपक ताराचंद साहू से भी सौजन्य भेंट मुलाकात किया गया है।

### प्रिज़्म कॉलेज ऑफ फार्मेसी में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन



**उतई।** प्रिज़्म कॉलेज ऑफ फार्मेसी में नवागत विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, कॉलेज के संस्थापक रूपेश गुप्ता, डायरेक्टर ख्याति साहू, डायरेक्टर असीम साहू, कॉलेज की प्राचार्या डॉ.अंजना शरद, सीमा कश्यप ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में रूपेश गुप्ता कहा, ₹आज हम सभी यहाँ एकत्रित हुए हैं ताकि नवागत विद्यार्थियों को फार्मेसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित करें। हमारा कॉलेज फार्मेसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान कि डायरेक्टर ख्याति साहू ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि हमारे विद्यार्थी फार्मेसी के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएं। प्राचार्या सीमा कश्यप ने कहा, हमारे कॉलेज में अध्यापकगण और प्रशासनिक अधिकारी आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित हैं। हम आशा करते हैं कि आप सभी यहाँ के वातावरण में ढलकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे और हमारे कॉलेज की प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे। कार्यक्रम का संचालन आकाश सर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर, कॉलेज के अध्यापकगण और प्रशासनिक अधिकारियों ने नवागत विद्यार्थियों का स्वागत किया ।

# शरीर किराए का मकान फिर भी चेतना नहीं जगा पा रहा इंसान : आचार्य हरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लूणी बाई केला फ्रंट परिसर जामगांव आर में जारी श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ भागवत आचार्य पंडित हरीश चतुर्वेदी ने भागवत भक्तों से कहा कि दुनिया रैन बसेरा है और शरीर रूपी मकान किराए का है।अच्छा व्यवहार परिवार समाज से करो और आत्मा के कल्याण के लिए प्रेम भगवान से करो। आचार्य श्री ने भक्तों को आगाह किए कि नाना प्रकार के कर्मो का बंध बढ़ाते हुए महल गाड़ी बंगला जुटाते हो जबकि जानते हो कि ना घर तेरा ना घर मेरा और दुनिया रैन बसेरा है।

आचार्य श्री ने कहा कि कमाए हुए धन का एक तिनका भी नश्वर संसार से नहीं ले जा सकते जानते हो फिर भी चेतना नहीं जाग पा रही है जिसका खामियाजा भुगतना ही पड़ता है।भव भव कर्मो के अनुरूप भटकना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भागवत भगवान की अमृत वाणी श्रवण करने का सुंदर सानिध्य प्राप्त हो रही है। विवेक जगाए भागवत भगवान के शरणागत होकर अपनी सारी ना समझी को दूर कर डाले। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी सहित गोपाल राठी भानुप्रतापपुर जगदीश राठी रायपुर, ओम राठी गुरूर, गुलाबचंद टावरी, मंजू टावरी, हेमू राठी आदि ने भागवत भगवान की अमृत वाणी का रसपान किए।



**आनंददाई होता है मर्यादित जीवन**

भगवान की भक्ति में फूहड़ता नहीं होना चाहिए। सच्ची भक्ति से भगवान और भक्त की नजदीकी बढ़ती है।इन दिनों भक्ति में आयोजित गरबा पाश्चात्य संस्कृति की भेंट चढ़ते दी रही है जो सच्ची भक्ति नहीं कही जा सकती।भक्ति में तो मन और तन मर्यादित होनी चाहिए। अमर्यादित कोई भी प्रसंग धर्म संगत नहीं है। धर्म सुकून का मार्ग देता है और अधर्म अशांति से सराबोर होता है। आचार्य श्री ने कहा कि वासनायुक्त प्रेम से बचे ।वासना युक्त प्रेम बर्बादी का इतिहास लिखती है। अमर्यादित दिनचर्या आनंद दाई नहीं होती।जीवन मर्यादित जिए और जीवन का आनंद लीजिए।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**दुर्ग।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में दीपावली के अवसर पर विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखाने में सुविधा होती है। अपने ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग करें एवं धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध है एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। वहीं हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है। आशा है बेहतरीन से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए आज ही ओम ज्वेलर्स जरूर पधारे।




## इरेक्टाइल डिसफंक्शन और पुरुष स्वास्थ्य पर मंथन



**दुर्ग।** 2 नवंबर को आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग में 'इरेक्टाइल डिसफंक्शन (नपुंसकता)' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. गौतम बंगा (दिल्ली) एवं डॉ. नवीन राम दारुका मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में दुर्ग-भिलाई सहित प्रदेशभर से यूरोलॉजिस्टों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने पुरुष स्वास्थ्य एवं मूत्र संबंधी जटिल बीमारियों, जैसे पेशाब नली में सिकुड़न, हाइपोस्पेडियास और इरेक्टाइल डिसफंक्शन के आधुनिक उपचार पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. बंगा और डॉ. दारुका ने बताया कि आज की व्यस्त जीवनशैली में पुरुषों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन चिकित्सा विज्ञान की नई तकनीकों के माध्यम से अब इनका सफल उपचार संभव है। उन्होंने लेजर सर्जरी, माइक्रो सर्जरी और रिहैबिलिटेशन थेरेपी जैसी अत्याधुनिक विधियों पर भी विस्तार से चर्चा की। आरोग्यम हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह की कार्यशालाएं चिकित्सकों को नवीनतम तकनीकों से अपडेट रखती हैं, जिससे मरीजों को और अधिक सुरक्षित व प्रभावी इलाज मिल सके।

## हाइटेक हॉस्पिटल में पेन मैनेजमेन्ट क्लिनिक कल से



**भिलाई।** हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में 5 नवम्बर से पेन मैनेजमेन्ट क्लिनिक का शुभारंभ हो रहा है। यह उन मरीजों के लिए एक बेहतर उपाय है जिन्हें लगातार दर्द के साथ जीना पड़ता है। पेन मैनेजमेंट एक्सपर्ट डॉ दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि कई बार दर्द निवारक औषधियां न केवल बेअसर साबित होती हैं बल्कि लंबे समय तक इनका उपयोग खतरनाक हो सकता है। ऐसे में नर्व ब्लॉक इंजेक्शन देकर दर्द के अहसास को लंबे समय के लिए शिथिल किया जा सकता है। दर्द प्रबंधन की यह सुविधा प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक उपलब्ध रहेगा।

## संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट में प्रशिक्षण शुरू



भिलाई। संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई जिला दुर्ग (निजी प्रशिक्षण) संस्थान विगत 13 वर्षों से फायर एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी (औद्योगिक सुरक्षा) प्रशिक्षण देने में अपनी सेवाएं दे रहा है। संस्था में चल रहे फायर एंड सेफ्टी प्रशिक्षण आरव एजुकेशन अपॉइंटमेंट सर ऑर्गेनाइजेशन से संबंधित सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार लुधियाना से मान्यता प्राप्त है वर्ष 2025-26 का प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी जनसंपर्क मनोज ठाकरे और प्रशिक्षण दे रहे गुरुजन शत्रुलालहन धनकर, तपन कुमार विश्वास जी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी छात्र इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद सभी छात्रों को निजी कंपनी जैसे भिलाई स्टील प्लांट/ डी.आर.डी.ओ. जगदलपुर/ एन.एम डी.सी नगर-नार/ दैनिक भास्कर पावर प्लांट/ अग्निशमन विभाग रायपुर / शासकीय, अर्ध शासकीय और विदेशों में भी छात्र फायरमैन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध कार्य कर रहे हैं। फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण हेतु एफएसडीएमआई, इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक सुपेला पोस्ट ऑफिस, भिलाई, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में संपर्क करें।

# वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान : दुर्ग ग्रामीण जिला से कांग्रेस ने 41553 हस्ताक्षरयुक्त फार्म भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में पीसीसी चीफ दीपक बैज को सौंपा गया फार्म अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान पूरे भारत मे चलाया जा रहा है। जिसको लेकर हर जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओद्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ब्लॉक अध्यक्षो की उपस्थिति में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत भरवाए गए कुल 41553 फार्म पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को सौंपा गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पूरे देश मे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान दुर्ग ग्रामीण जिला में चलाया गया है साथ ही वोट चोरी को रोकने हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था जिसमे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक ब्लॉक से हजारो फार्म भरवाए थे, आज दुर्ग ग्रामीण जिले से कुल 41553 हस्ताक्षरयुक्त फार्म पीसीसी चीफ दीपक बैज को सौंपा गया है जिसमे पाटन विधानसभा से 15206 फार्म, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा से 10178 फार्म, साजा विधानसभा (धमधा ब्लॉक) से 8490 फार्म, अहिवारा विधानसभा से 7679 फार्म जमा किये गए है।

श्री ठाकुर ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत हस्ताक्षरयुक्त फार्म भराये जाने का मुख्य उद्देश्य जनता के मताधिकार का सम्मान सुनिश्चित करना और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जन जागरूकता फैलाना है।पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को बताया जा रहा है कि सत्ता का दुरुपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने मिलकर वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान सफल बनाया है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में फार्म जमा करने के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, प्रमोद सिंह राजपुत, श्रीमती नागमणि साहू, भूपेंद्र पटेल, श्रीकांत वर्मा, शमशेर कुरैशी, अरुण साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

### छत्तीसगढ़ महतारी को किया नमन

**पाटन।** नगर पंचायत पाटन के बठेना रोड स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थल पर राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों सहित अनेक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर छत्तीसगढ़ महतारी को नमन किया एवं राज्य के विकास और समृद्धि की कामना की।छत्तीसगढ़ की माटी, संस्कृति और स्वाभिमान को समर्पित इस आयोजन में साथियों का राकेश ठाकुर, लक्ष्मी पटेल ,पुरुषोत्तम कश्यप, आभाष दुबे, मनोज कुर्रे,गोपाल देवांगन आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

क्रमांक / 4722 / लो.नि.शा./न.पा.प./2024-25 अमलेश्वर, दिनांक 03/11/2025

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एन. एम. इन्फ्राटेक प्रा.लि. डायरेक्टर श्री टीकम चंद प्रीतवानी पिता श्री बालकृष्ण प्रीतवानी निवासी आमापारा रायपुर के द्वारा नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 12, मां बम्लेश्वरी वार्ड, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. अमलेश्वर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 15004 रकबा 2.3113 हे. अर्थात 23113 वर्गमीटर भूमि पर कॉलोनी विकास की अनुमति हेतु आवेदन पत्र छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत प्रस्तुत किया है। जिसमें बंधक भू-खण्ड का विवरण निम्नानुसार हैः-

| खसरा नंबर | प्लाट नंबर | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) |
|---|---|---|
| 15004 का भाग | 1 | 93.75 |
| | 2 | 94.50 |
| | 3 | 95.25 |
| | 4 | 98.78 |
| | 5 | 104.78 |
| | 6 | 110.40 |
| | 7 | 117.00 |
| | 8 | 124.50 |
| | 9 | 156.11 |
| | 82-83 | 139.39 |
| | 84 | 254.19 |
| | 85-87 | 251.33 |
| कुल | 15 | 2282.01 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमलेश्वर

### सेवानिवृत्त पर प्राचार्य लता को दी विदाई



**कुम्हारी।** 31 अक्टूबर को पीएम श्री सेजेस विद्यालय कुम्हारी में प्राचार्य लता रघु कुमार के सेवानिवृत्ति एवं विदाई समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिवार के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# पंडवानी गायिका बारले ने दी प्रस्तुति, दुर्ग शहर को लेकर बने मॉडल ने बटोरी वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुरानी गंजमंडी में राज्योत्सव को लेकर आयोजनों का दौर जारी है। सोमवार को आयोजन का दूसरा दिन रहा। इस दौरान पंडवानी गायिका प्रतिमा बारले की सुंदर प्रस्तुति ने मनमोहा। स्कूली बच्चों ने कत्थक, ओडिसी, भरतनाट्यम सहित अन्य नृत्यों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल भी पहुंचे। इस दौरान सरकारी योजनाओं को लेकर स्टाल लगाए गए, जिनमें लोगों को जानकारी दी गई। महिला उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। दुर्ग शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों को मॉडल में प्रदर्शित किया गया। गंजमंडी परिसर में संस्कृति, संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। लोगों की भीड़ विभिन्न स्टॉलों और प्रदर्शनियों में उमड़ पड़ी। विभागीय प्रदर्शनियां राज्योत्सव को और भी आकर्षक बना रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विनय गायकवाड़ द्वारा ओड़िसी नृत्य, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, सृष्टि बिश्वास द्वारा कत्थक, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक नृत्य, छत्तीसगढ़ आदिवासी नृत्य, जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुति दी गई, जिससे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गुंजायमान कर दिया। प्रतिमा बारले ने मंच को जीवंत कर दिया। खंजरी, मंजीरा , ढोलक जैसे वाद्ययंत्र के स्वर लहरियों के बीच दर्शक कलाकारों के साथ झूम उठे। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर कलाकारों की लयबद्ध प्रस्तुति ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ की मिट्टी और संस्कृति से जोड़ दिया। कार्यक्रम में विधायक साजा ईश्वर साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## पुरानी गंजमंडी में आयोजित राज्योत्सव समारोह में पहुंचे सांसद विजय बघेल, स्टॉल में जाकर ली जानकारी








**1495 उपभोक्ताओं ने लगवाए सोलर पैनल**

अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र की सब्सिडी के साथ-साथ, छत्तीसगढ़ सरकार भी उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सहायता दे रही है, जिससे सोलर प्लांट लगाना और भी सस्ता हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग जिले में अब तक 1495 उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों में सोलर पैनल लगवाए जा चुके हैं। विभाग के स्टॉल में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल, अधीक्षण अभियंता जे जगन्नाथ प्रसाद, कार्यपालन अभियंता १आर.के.दानी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## मंत्री गजेन्द्र यादव व टंकराम वर्मा ने कलाकारों का किया उत्साहवर्धन



नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा मौजूद थे। स्व-सहायता समूहों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण किये। उन्होंने हस्तशिल्प, हथकरघा, कृषि उत्पाद, और स्थानीय नवाचारों के प्रदर्शनों का अवलोकन किया। राज्योत्सव में हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा प्रदर्शित स्वदेशी उत्पादों के आकर्षक स्टॉल पहुंचकर उन्होंने सुदूर अंचलों से आए कारीगरों से चर्चा कर उनके परिश्रम एवं सृजनशीलता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पाद न केवल हमारे परंपरागत कौशल और संस्कृति के प्रतीक हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण की आधारशिला भी हैं।

## खबर संक्षेप

### दातून को लेकर विवाद पर महिला की हत्या

**भिलाई।** दातून को लेकर दो महिलाओं में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक महिला ने दूसरे महिला पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया है। मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। रानीतराई प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि ग्राम बोरीद राधा बाई 55 वर्ष और गांव की एक महिला से दातुन को लेकर विवाद हो गया। दोनों महिला में जमकर मारपीट भी हो गया। अज्ञात महिला ने राधा बाई को धकेल कर जमीन पर गिरा दिया।उसका बाद महिला ने राधा पर हमला कर दिया। हल्ला मचने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर अवस्था में राधा को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां राधा ने दम तोड़ दिया। परिजनों की शिकायत पर मारपीट करने वाली महिला की खोजबीन में जुटी रही। देर रात तक हमला करने वाली महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरु कर दिया है। पुलिस ने अज्ञात महिला से पूछताछ कर रही है। घटना का खुलासा मंगलवार को किया जाएगा। मारपीट का असली कारण खुलासा के बाद ही पता चल पाएगा।

### एएनए स्क्रीनिंग और कन्फर्मेशन पर प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला में किया जागरूक

**भिलाई।** कैपकॉन-2025 के तहत "एण्टीन्यूक्लियर एण्टीबॉडी (एएनए) स्क्रीनिंग एवं कन्फर्मेशन विषय पर प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला जेएलएन अस्पताल में हुई। विभिन्न संस्थानों के 30 से अधिक प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लेकर एएनए परीक्षण की विधियों, तकनीकी पहलुओं और नैदानिक उपयोगिता पर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. विनिता द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि पूर्व कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर व डॉ. उदय कुमार उपस्थित थे। चिकित्सालय के वरिष्ठ अधिकारी अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा कांगो, डॉ. निली एस. कुजुर, उप-मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुरमीत सिंह, वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ. गायत्री नट्टी, कंसल्टेंट डॉ. दीपक कुमार दाशमोपात्रा एवं कंसल्टेंट डॉ. प्रतीक शिवप्पा उपस्थित थे।

## ट्रैफिक जाम से दुर्घटनाओं का अंदेशा, आ-जा नहीं पा रहीं गाड़ियां

# हथखोज में ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण पूर्ण होने के पूर्व ही करोड़ों की जमीन पर जगह-जगह अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### ट्रांसपोर्टरों ने कलेक्टर से लगाई दौरा कर अतिक्रमण हटाने की गुहार








औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में निर्माणाधीन ट्रांसपोर्टनगर के पूर्ण होने के पहले ही अवैध कब्जों का संजाल फैलने लगा है। पेशेवर कब्जाधारियों ने करोड़ों की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। इससे ट्रांसपोर्टरों को परेशानी के साथ चौतरफा नुकसान हो रहा है। इस मामले में भिलाई तीन चरौदा निगर निगम उदासीन बना हुआ है। ट्रांसपोर्टरों ने ट्रांसपोर्टनगर की सुविधा और सुंदरता के लिए जल्द कब्जे हटवाने की मांग की है। कलेक्टर ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम भिलाई तीन चरौदा द्वारा पिछले पांच साल से हथखोज में ट्रांसपोर्टनगर का नवनिर्माण किया जा रहा है। इस दौरान यहां परिसर में जगह जगह अवैध कब्जों की बाढ़ आ गई है। दर्जनभर पक्के निर्माणों के साथ जगह जगह छोटी छोटी किराना दुकानों और पंचर व वेल्डिंग रिपेयर दुकानों के नाम पर करीबन सौ कब्जे तन गए हैं। इससे शासन व निगम को करोड़ों रुपए की संपत्ति के नुकसान के साथ ट्रांसपोर्टरों को ट्रैफिक जाम जैसी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि जामुल नंदिनी नंदिनी रेलवे लाइन और नहर के किनारे कतार में कई पेशेवर कब्जेधारियों ने कब्जे कर लिए हैं। कई कब्जों पर कच्ची पक्की दुकानें खोलकर किराया पर उठा दिया गया है। इनमें होटल, किराना कमानी पट्टासवेल्डिंग मैकेनिक रेपियर शांप,चाय नाश्ता गुटखा ठोले आदि सौ कब्जे हैं। जगह जगह कब्जों से शासन को जमीन व टैक्स के नुकसान के साथ ट्रांसपोर्टरों के वाहनों की आवाजाही दुर्घटनाजन्य बनी हुई है।

### कब्जों व सड़क किनारे खड़ी रहने वाली पुरानी गाड़ियों से ट्रैफिक जाम

ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से ट्रांसपोर्ट नगर में जल्द कब्जे हटाने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि कलेक्टर ने बहुत जल्द ट्रांसपोर्टनगर का दौरा कर कब्जे हटवाने का आश्वासन दिया है। श्री बैठा ने बताया कि कब्जों के अलावा ट्रांसपोर्टनगर फेस -1 में कई गाड़ी मालिक बीस साल पुरानी गाड़ियां खड़ी कर दे रहे हैं। इससे ट्रांसपोर्टरों के ट्रक व हाइवा ट्रेलर आदि वाहनों के आवागमन में दिक्कत हो रही है और गाड़ियां फंसने, जाम के साथ दुर्घटनाएं व विवाद हो रहे हैं। बीच सड़क पर अव्यवस्थित गाड़ियां खड़ी होने से ट्रांसपोर्टरों के वाहन फेस टू में आने जाने में कठिनाई हो रही है। अग्नि दुर्घटना आदि हादसे होने की स्थिति में जाम से दकमल गाड़ी व एंबुलेंस को आने जाने में दिक्कत होगी। ट्रांसपोर्टरों ने यहां ट्रैफिक पोस्ट व पुलिस जवानों की तैनाती की मांग की है।

### शराब दुकान से अराजकता बढ़ी

ट्रांसपोर्टनगर में स्थित शराब दुकान से कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि शराब दुकान से भारी अराजकता व दुर्घटनाएं आदि की घटनाएं बढ़ रही हैं। ड्रायवर व क्लीनर मैकेनिक आदि वर्कर्स शराब पीकर काम नहीं करते और उलझते रहते हैं। क्षेत्र के लोग भी शराब पीकर गालीगलौच मारीपट करते रहते हैं। वहीं शराब दुकान में भीड़ से सड़क पर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। ट्रांसपोर्टरों ने ने बताया कि कई बार शराब दुकान हटाने की मांग कर चुके हैं। जल्द हटाया जाए।

## भिलाई में पीएम आवास योजना के 11 हितग्राहियों को मिले अपने घर लॉटरी के जरिए किया गया आवंटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय और अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा की मौजूदगी में प्रधानमंत्री आवास योजना के 11 हितग्राहियों को मकान आबंटित किए गए।

नगर निगम के मुख्य कार्यालय सभागार में खुली लॉटरी का आयोजन किया गया। आवास पाने के लिए हितग्राहियों ने पहले योजना शाखा में आवेदन जमा किया था। दस्तावेजों की जांच और स्वीकृति के बाद उनसे 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराई गई। बेदखली व्यवस्थापन के तहत 75 हजार रुपये अंशदान राशि निगम कोष में जमा कराने के बाद नियमानुसार लॉटरी निकाली गई। इस प्रक्रिया में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को भूतल के मकानों में प्राथमिकता दी गई, जबकि सामान्य हितग्राहियों को भूतल के साथ ऊपरी मंजिलों के मकान दिए गए। लॉटरी के जरिए वंदे मातरम कुरूद भिलाई के एक हितग्राही और सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया क्षेत्र के 10 हितग्राहियों को मकान आवंटित हुए। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, पार्षद सत्या देवी जायसवाल, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह, थलेश्वर जोशी, जी मोहन राव, महेत्तर सोनी और जागेश्वर साहू मौजूद थे।

# उद्यान के टूटे झूलों का होगा मेंटेनेंस, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- विकास कार्यों का निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने किया निरीक्षण



नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर अंतर्गत रोड निर्माण, नाली, सफाई, सिवरेज लाइन, सड़कों की सफाई, उद्यान, अटल परिसर सहित तारामण्डल उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत द्वारा नेहरू नगर के शिवाजी चौक समीपस्थ रोड, नाली सफाई एवं सीवरेज का निरीक्षण किया गया। सीवरेज का पानी सड़क में बह रहा था, जिसे तत्काल सफाई कराने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है। साथ ही सीवरेज हेतु बनाये गये चेंबर का ढक्कन टूटकर गिरा हुआ था। दुर्घटना की संभावना को देखते हुए ढक्कन लगाने निर्देशित किया। आगामी समय में इस रोड का निर्माण किया जाना है। वहीं शहस्त्रबाहु उद्यान को संस्था द्वारा स्वयं के रखरखाव के लिए दिया गया है। संबंधित संस्था को उद्यान के घास कटिंग एवं सफाई व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया गया है। बख्शी उद्यान में स्थापित झूला टूट गया है, जिसका संधारण कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये। उद्यान में उपस्थित महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से रोपित पौधों एवं उद्यान के सम्बन्ध में चर्चा की गई। जर्जर सड़कों के मरम्मत एवं साफ सफाई का अवलोकन किये। तारामण्डल उद्यान में शासन के मंशानुसार अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है, बिना विलम्ब के कार्य शीघ्र पूर्ण करने एजेंसी को निर्देशित किया गया है। निर्माण कार्य लगभग अंतिम स्थिति में है। प्रियदर्शनी परिसर रेलवे ट्रैक के किनारे रोड का निर्माण किया जाना है जिसका निरीक्षण निगम आयुक्त द्वारा किया गया है। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, रीमा जामुलकर, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी उपस्थित थे।

## जेएलएन अस्पताल में हैंड-ओनली सीपीआर प्रशिक्षण



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन अस्पताल सेक्टर-9 में हैंड-ओनली सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी औक डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर व डॉ. उदय कुमार सहित चिकित्सक उपस्थित थे। प्रतिभागियों को हैंड-ओनली सीपीआर की प्रक्रिया का प्रदर्शन कराया गया तथा उन्हें व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि हृदयगति रुकने की आकस्मिक स्थिति में त्वरित पहचान, तत्काल सहायता के लिए बुलाना तथा निरंतर छाती पर दबाव देना, जीवनरक्षक के रूप में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होता है।ओपीडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों ने सीपीआर की विधि सीखकर "जान बचाने" का संकल्प लिया। एनेस्थीसिया विभाग की टीम तथा क्वालिटी मैनेजमेंट विभाग की टीम ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।




## खिलाड़ी, बच्चे और युवा कहां करें व्यायाम, नगर निगम नहीं कर रहा रिपेयर

# ठंडी ने दी दस्तक, जर्जर व्यायाम शालाओं में टूटे पड़े इक्यूपमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ठंडी के मौसम के दस्तक देने के साथ ही टाउनशिप में सुबह शाम उद्यानों से लेकरव्यायाम शालाओं में लोग जुटने लगे हैं। लेकिन विभिन्न सेक्टरों में कई व्यायाम शालाओं में युवाओं व बच्चों को लाखों रुपए के टूटे व बिगड़े पड़े वर्जिश टूल्स में ही व्यायाम करने मजबूर होना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम भिलाई उदासीन बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि पटरीपार की तरह टाउनशिप में भी नगर निगम द्वारा पांच साल पूर्व विभिन्न सेक्टरों में मैदानों के व सड़कों के किनारे छोटी छोटी व्यायाम शालाएं बनाई गई थीं। पार्षदों द्वारा पार्ष निधि से यहां वर्जिश के लिए पैडलिंग, भारवाहन और बैलेंस आदि इक्यूपमेंट लगाए गए थे। ताकि खिलाड़ी, बच्चे व युवा व महिलाएं यहां व्यायाम कसरत कर सकें। लेकिन कई वर्जिश सेंटरों में स्टील व प्लास्टिक के यह उपकरण टूट गए हैं या बिगड़े पड़े हैं। सेक्टर 1, सेक्टर 6 मेंटेनेंस आफिस पास सेक्टर 7 व सेक्टर 8 में कई इक्यूपमेंट व बेंचें टूट चुकी हैं। इन्हें सुधारने की जहमत पार्षदों ने की है और न ही निगम के लोगों ने ही अब तक जरुरी समझा है। इसका खामियजा सेहत बनाने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियनों निगम महापौर कमिश्नर से इनके मेंटेनेंस की मांग की है।



### बालोद्यान भी बदहाल

व्यायामशालाओं की तरह टाउनशिप में जगह जगह बनाए गए बालोद्यान भी बदहाल हैं। अधिकतर कबाड़ में बदल चुके हैं। दस साल पूर्व सभी सेक्टरों में एक एक सेक्टरों में जगह जगह नगर निगम द्वारा बच्चों के लिए छोटे छोटे बालोद्यान बनवाए गऐ थे। इनका निर्माण भी पार्षद निधि से पार्षदों द्वारा कराया गया था। लेकिन सभी बालोद्यानों के झूले, फिसलनपट्टी, शीशा चेयर आदि टूटफूट व कर जंग लग चुके हैं। सभी बालोद्यान झाड़ियों से पटे कबाड़ में बदल चुके हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सभी बालोद्यानों का कायाकल्प किया जाए।



02

विद्यार्थियों ने केज कल्चर प्रणाली का किया अवलोकन, समझा जैव विविधता

## लाइव इवेंट

### डिजिटल नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर युवाओं को कर रहे जागरुक



**भिलाई।** अखिल भारतीय पालक संघ भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा नशा और डिजिटल नशा के विरुद्ध अभियान के तहत स्कूली विद्यार्थियों को कार्यशाला के माध्यम से ऐसे बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया कि नशे की लत व्यक्ति को अंदर से खोखला कर देती है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी व्यक्ति और समाज को कमजोर करती है। इसके कारण अपराध दर में वृद्धि होती है। और समाज का माहौल खराब होता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नरेंद्र पांडे उपस्थित रहे। उन्होंने सशक्त भारत एवं स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए बच्चों को अपना मार्गदर्शन देते हुए कई प्रयोगों के माध्यम से बताया कि नशा और डिजिटल नशा किस प्रकार से उनके जीवन में कई प्रकार की बाधाओ को उत्पन्न कर सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत अखिल भारतीय पालक संघ की अध्यक्ष अरुंधति दुबे दवरा की गई। अकील भारतीय पालक संघ के संयोजक किशोर कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती विहार इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल मीठी चंदा, विजय चौधरी सहित अन्य शिक्षक एवं अखिल भारतीय पालक संघ के समिति के पदाधिकारी डॉ.संतोष सिंघ, नितेश कुमार भंडारी, प्रदीप कुमार दुबे, स्वदेश शुक्ला, संजीत सोनी उपस्थित रहे।

- अखिल भारतीय पालक संघ भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा अभियान



## सिटी इवेंट

### भारत की बेटियों की ऐतिहासिक जीत पर किया सेलिब्रेशन, लहराया तिरंगा



**भिलाई।** महिला क्रिकेट विश्वकप में भारत की बेटियों द्वारा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ तथा महिला चेंबर भिलाई शाखा की सदस्याओं ने चेम्बर कार्यालय में विजय उत्सव सेलिब्रेट किया।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने शामिल होकर महिला शक्ति को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज भारत की बेटियां विश्व पटल पर अपना परचम लहरा रही हैं। महिलाएं अब किसी क्षेत्र में पीछे नहीं, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत स्तंभ बन चुकी हैं। चेंबर ऑफ कॉमर्स महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग करेगा। इस अवसर पर भिलाई जिला अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने कहा कि हमारी महिलाएं अब खेल, व्यापार, उद्योग, शिक्षा, हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। यह जीत केवल क्रिकेट की नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणा है। महिला चेंबर अध्यक्ष सुमन कन्नोजे ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला चेंबर जल्द ही मिलेट्स आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगा, जिससे महिलाएं स्वरोजगार प्राप्त कर सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें। कार्यक्रम के संयोजक भूपेंद्र नेमा ने आयोजन का संचालन किया। इस अवसर पर चेंबर महिला विंग की कार्यकारी अध्यक्ष रश्मि वर्मा, महामंत्री सविता शाही, उपाध्यक्ष उषालता कपिल, संयुक्त महामंत्री सुनिता साने, संगठन मंत्री विजयलक्ष्मी शाह, सदस्य उर्वशी दत्ता, विजयलक्ष्मी शाह, अमिता जैन, अदिति तिवारी, संरक्षक गीता वर्मा, प्रभारी सरोजनी पाणिग्रही, पवन जिंदल, प्रेमरतन गहलोत, शिवराज शर्मा, सुनील मिश्रा, चिन्ना राव, निरंकार सिंह सहित अनेक व्यापारी और समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष लगाए।

- महिला चेंबर ऑफ कॉमर्स की महिला विंग का आयोजन
- एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई



● मां कल्याणी शीतला में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन, हुआ वास्तुपूजन

# महाकल्याणेवर शिव मंदिर में वैदिक अनुष्ठान के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई, बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु, निकाली शोभायात्रा

**भिलाई। माँ कल्याणी शीतला मंदिर परिसर, मरोदा टैंक रिसाली में तीन दिवसीय महाकल्याणेवर शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमवार को विधि विधान से सम्पन्न हो गया। शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। महाआरती हुई। महाभोग प्रसाद वितरण किया गया। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई थीं । रविवार को वैदिक अनुष्ठान व वेदी पूजन हुआ। मंत्रोच्चार के बीच वेदी पूजन पंडितों ने संपन्न करवाया। वास्तुपूजन की भी प्रक्रिया पूरी करवाई गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस पूजन में हिस्सा लिया। मंदिर समिति द्वारा इस समारोह के उपलक्ष्य में मां शीतला कल्याणी मंदिर और परिसर को पूरी तरह सजाया गया है। झालरों और दीयों से यह मंदिर हर शाम रौशन हो रहा है। समारोह में शामिल होने के लिए हर दिन आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण पहुंचे।**





### अन्नधिवास सहित रूद्रीपाठ महाभिषेक भी हुआ

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन आचार्य पं. द्रोणाचार्य द्विवेदी ज्योतिषांगन, न्यू आदर्श नगर व सहयोगी पं. चंद्रशेखर मिश्रा ग्राम-धनोरा द्वारा अन्नाधिवास, औषधिवास, जलाधिवास, शय्याधिवास, नमक चमच रुद्रीपाठ महाभिषेक पूजन संपन्न करवाया गया। रविवार की सुबह 10 से संध्या 6 बजे तक भगवान का दूध से अभिषेक किया गया। । दूधाभिषेक में शामिल होने आए श्रद्धालु अपने -अपने घरों से दूध लेकर इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मंदिर परिसर में रात को झरना जगराता परिवार बोरसी (बेरला) की प्रस्तुति हुई।

### हम किसी को ठेस न पहुंचाये वहीं धर्म : कौशिल्या देवी साय

मुख्य अतिथि मुख्य मंत्री विष्णु देव साय की धर्म पत्नी कौशल्या देवी साय ने कहा कि जो धर्म को पकड़ता है वह कभी नहीं हारता। हम किसी को ठेस न पहुंचाये वही धर्म है। हम एक दूसरे का सम्मान करे। शहर के मंचों से महिलाओं के द्वारा साडी व पुरुषों के द्वारा धोती नहीं पहना जाता। हम सबको भारतीय परिधान का धारण करना चाहिए। हम सबको अपने कला संस्कृति के लिए सतत रूप से कार्य करना चाहिए।आपके द्वारा दिया गया आवेदन निश्चित रूप से मुख्यमंत्री जी तक पहुंचा दूंगी। श्रीमति साय ने कहा कि जीवन में निदा चारी किसी का न करे। माँ कल्याणी शीतला मंदिर परिसर मरोदा टैंक रिसाली में नवनिर्मित महाकल्याणेश्वर शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। श्रृंगार हवन के साथ महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालू व भक्तजन शामिल हुए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के प्रमुख रूप में समाजसेविका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशिल्या साय शामिल हुई ।साथ ही अथिति के रूप में सुशीला सायं,श्रद्धा साहू (जिला पंचायत सभापति दुर्ग) पद्मश्री डा आर एस बारले,राजू लाल नेताम सामिल हुए । मुख्य समारोह मंच में अंचल की प्रसिद्ध संस्था 'रंगसागर' द्वारा मंचीय प्रस्तुति हुई । पंडित द्रोणाचार्य द्विवेदी एवं अंचल के प्रमुख वेदाचार्यों द्वारा विधि - विधानपूर्वक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। स्वागत भाषण समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र शेली ने दिया।

### ये रहे शामिल



इस अवसर पर प्रमुख रूप से समिति के सरक्षक पुन्नू यादव,अरुण वर्मा, मूलचंद वर्मा, अध्यक्ष शैलेन्द्र शेली, मुक्तार यादव,चोवाराम निषाद,शंभू पटेल,पार्षद विधि यादव, रमेश वर्मा, संतोष चंद्राकर, प्रमोद साहु,विकास चंद्राकर, हिमांशु चंद्राकर, मुकेश यादव, श्याम यादव, दद्दू सिंह, कोमल साहू, तेजराम साहू, विमल दास मानिकपुरी, सोनू राम सिंह, पुरेन्द्र साहू, रविन्द्र किलोर सुरेन्द्र शर्मा उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन प्रमोद साहु व पुन्नू यादव ने किया।कार्यक्रम में विशिष्ट जनों का सम्मान किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन समिति के सरक्षक अरुण वर्मा ने किया।

# सद्भावना दौड़ में शामिल हुए स्काउट गाइड, स्कार्फ पहनाकर किया स्वागत



**भिलाई।** बीएसपी शिक्षा विभाग के तत्वावधान में जिला स्काउट गाइड संघ के द्वारा स्काउट गाइड की राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिडिल स्कूल सेक्टर-1 में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कमिश्नर विजय सिंह पवार ने राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों को आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पवार का स्वागत स्काउट-गाइड परंपरा के अनुसार स्कार्फ पहनकर किया गया। संस्था प्रमुख पंचराम साहू ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता अखंडता के महत्व को समझाया। जिसके बाद सेक्टर-1 में एक सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें स्काउट गाइड के साथ विद्यार्थी एवं डीओसी सत्यनारायण साहू, डॉक्टर शीतल चंद्र शर्मा, कीर्ति लता देशमुख शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यालय से सीमा कन्नौजे, ग्लोरिया, गायत्री जायसवाल और संतोष अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता बीआर गायकवाड़ ने किया।

# एशिया मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप में भारतीय दल के मैनेजर होंगे ताजुद्दीन



**भिलाई।** 23वीं एशिया मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन तमिलनाडू के चेन्नई में 5 से 9 नवंबर तक किया गया। यह प्रतियोगिता मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय टीम के मैनेजर के रूप में भिलाई के वरिष्ठ एनआईएस एथलेटिक्स कोच ताजुद्दीन को चुना गया है। भिलाई में रहने वाले ताजुद्दीन पिछले कई वर्षों से मास्टर्स एथलेटिक्स के लिए काम कर रहे हैं। एथलेटिक्स के क्षेत्र में पिछले 40 वर्षों का लंबा अनुभव उनके पास है। एइनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ मास्टर्स एथलीटों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। मास्टर्स एथेलेटिक्स को नए आयाम देने वाले ताजुद्दीन को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भारतीय टीम का मैनेजर बनाया गया। मास्टर्स एथलेटिक फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी डेविड प्रेमनाथ द्वारा पत्र देकर सूचित किया गया। ताजुद्दीन छत्तीसगढ़ मास्टर एथलेटिक्स संघ के सचिव भी हैं। इनकी नियुक्ति पर संघ के पदाधिकारियों व विभिन्न खेल संघों ने इन्हें बधाई दी है।

## रूंगटा यूनिवर्सिटी को बनाया नोडल सेंटर प्रदेश के डीईओ और डाइट प्राचार्यों को मिलेगी ट्रेनिंग

# सरकारी स्कूलों के बच्चों को इनोवेशन, डिजाइन थिंकिंग, उद्यमिता नवाचार सिखाएगा एआईसीटीई, 6 और 7 नवंबर को जुटेंगे डीईओ

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों को इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप की ओर बढ़ाने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की विशेष तैयारी शुरू हो गई है। इसके पहले पड़ाव में एआईसीटीई प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और डाइट प्राचार्यों की ट्रेनिंग कराएगा। यह दो दिवसीय ट्रेनिंग होगी, जिसके लिए एआईसीटीई ने रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी (आरसीईटी) को नोडल सेंटर बनाया है। यहां 6 और 7 नवंबर को सभी डीईओ जुटेंगे, जिनकी ट्रेनिंग के लिए एआईसीटीई से आला अधिकारी भिलाई आएंगे। कार्यक्रम पीएमश्री योजना के तहत होगा, जिसमें सभी डीईओ को उनके स्कूली बच्चों को विज्ञान के नए आयामों से जोडने के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए समग्र शिक्षा विभाग ने सभी 75 प्रतिनिधियों की सूची जारी कर दी है। यह एक तरह की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग होगी, जिसमें सभी प्रतिनिधियों को उनकी कार्यक्षेत्र की स्कूलों में इस क्रियान्वित करना होगा।



### स्कूली बच्चों को क्या फायदा

रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने बताया कि, छत्तीसगढ़ के स्कूलों में बच्चों को सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें सोचने, समझने और खुद कुछ नया बनाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसी दिशा में पहली ट्रेनिंग डीईओ और प्राचार्यों को मिलेगी। वें यहां जो सीखेंगे उसको आगे सिखाएंगे। इन ट्रेनिंग का मुख्य मकसद बच्चों के अंदर इनोवेशन, डिजाइन थिंकिंग और आंप्रेन्योरशिप (उद्यमिता) की भावना जगाना है। ट्रेनिंग की कड़ी दर कड़ी बच्चों को यह समझाने की कोशिश करेगी कि वे रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान कैसे खोज सकते हैं। बच्चे छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाकर सीखेंगे कि कोई भी नया आइडिया कैसे एक उपयोगी चीज या व्यवसाय में बदला जा सकता है। इस ट्रेनिंग के बाद प्रदेश की सभी अटल टिंकरिंग लैब में नए सिरे से प्रशिक्षण शुरू होंगे। उदाहरण के लिए, कोई छात्र अगर गांव में पानी की समस्या देखता है, तो उसे यह सिखाया जाएगा कि वह इस समस्या के समाधान के लिए एक मॉडल या डिवाइस कैसे बना सकता है।

### स्कूलों में क्या बदलेगा

स्कूल शिक्षा विभाग और एआईसीटीई के संयुक्त प्रयास से स्कूलों में इनोवेशन लैब और आइडिया कॉर्नर बनाए जाएंगे, जहां बच्चे टीम बनाकर अपने विचारों पर काम करेंगे। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारियों को यह सिखाया जाएगा कि कैसे वे अपने-अपने जिलों के स्कूलों में इस नई शिक्षा पद्धति को लागू करेंगे। बच्चों को नवाचार की दिशा में सोचने और काम करने के वातावरण तैयार करने का प्रशिक्षण मिलेगा।

### सात विभागों का कार्यक्रम

रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा ने बताया कि, इस प्रशिक्षण के बाद जिला शिक्षा अधिकारी अपने-अपने जिलों में इसी तरह के वर्कशॉप, बूटकैंप और इनोवेशन फेयर आयोजित करेंगे। कार्यक्रम भारत सरकार के इनोवेशन सेल, डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड लिट्रेसी, पीएमश्री, स्कूल इनोवेशन काउंसिल, वर्धमान फाउंडेशन और एनसीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान में होना है। आने वाले साल में छत्तीसगढ़ के हर जिले में इनोवेशन एंबेसडर तैयार किए जाएंगे। इस पहल से शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं रहेगी, बल्कि बच्चों को सोचने, बनाने और देश के विकास में योगदान देने की दिशा में तैयार किया जाएगा।

## सिटी इवेंट

### विद्यार्थियों ने केज कल्चर प्रणाली का किया अवलोकन, समझा जैव विविधता




**भिलाई।** शासकीय वि. या. ता. स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान आर.यू.एस.ए. 2.0 योजना के अंतर्गत किया गया था। कार्यक्रम में एम.एससी. प्राणीशास्त्र के 45 विद्यार्थी शामिल हुए। भ्रमण का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या के. मिन्ज ने किया। उनके साथ प्राध्यापक डॉ. नीरू अग्रवाल, प्रो. सुदेश साहू, प्रो. अनुराग मिश्रा और गोपाल वर्मा उपस्थित रहे। भ्रमण दल ने गरियाबंद जिले के कुकुदा डैम, टौरेंगा डैम, चिगरा पगार जलप्रपात टोइयामुड़ा और जतमई मंदिर क्षेत्र का भ्रमण किया। टौरेंगा डैम में विद्यार्थियों ने केज कल्चर प्रणाली का अवलोकन किया, जहां तिलापिया और पंगेसियस मछलियों का पालन किया जाता है। विद्यार्थियों ने इस आधुनिक मत्स्य पालन पद्धति का गहन अध्ययन करते हुए जल गुणवत्ता, आहार प्रबंधन, वृद्धि दर एवं संरक्षण तकनीकों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इन प्राकृतिक स्थलों पर विद्यार्थियों ने स्थानीय जैव विविधता का अवलोकन किया, जिसमें पक्षी, तितलियां, कीट, सरीसृप तथा विभिन्न जलीय जीवों के आवासीय स्वरूप और उनके संरक्षण से संबंधित जानकारियां ली गई। इस अवसर पर तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण गरियाबंद अध्यक्ष यशवंत वासनिकर, जिला न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के प्रति मौलिक कर्तव्यों के संबंध में जागरूक किया। विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या के. मिन्ज ने बताया कि भ्रमण कार्य से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन एवं जैव विविधता संरक्षण से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में विषय के प्रति गहन रुचि पैदा कर उन्हें जीव विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान और संरक्षण गतिविधियों से जोड़ते हैं। इस भ्रमण गतिविधियों में शामिल होने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

● संवेदनाओं की पाठशाला : विद्यार्थियों ने सीखी सेवा की सच्ची परिभाषा

# संवेदनाओं की पाठशाला: छात्रों ने सीखी सेवा की परिभाषा

## असहायों का बनेंगे सहारा, जेब खर्च से करेंगे परोपकार

**भिलाई।** पीएम श्री योजना के अंतर्गत सामूहिक सहभागिता कम्युनिटी पार्टिसिपेशन गतिविधि के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय भिलाई के लगभग 200 विद्यार्थियों ने सेक्टर-3 स्थित फील परमार्थम फाउंडेशन का भ्रमण किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों को समाज की सच्ची तस्वीर से परिचित कराने और उनमें मानवीय संवेदनाओं, सहानुभूति तथा सेवा-भाव को जागृत कराने के लिए किया गया था। बुजुर्गो से मिलकर बच्चों ने हर माह अपनी जेब खर्च से परोपकार के लिए धनराशि निकालने और केवल अपने लिए ही नही बल्कि दूसरों के लिए जीने की बाते कही। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजय आर्य ने कहा कि सेवा की सच्ची शुरुआत तब होती है जब हम किसी अनजान चेहरे की मुस्कान का कारण बनते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय में 30 से अधिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें सामूहिक सहभागिता जैसी पहल विद्यार्थियों को संवेदना और मानवीय मूल्य से जोड़ती है। विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने विद्यार्थियों एक्पिरियंस शेयर करते हुए कहा कि यह भ्रमण केवल एक सामाजिक यात्रा नहीं बल्कि आत्मा को झकझोर देने वाला अनुभव था। जब बच्चे समाज की वास्तविकताओं को करीब से देखते हैं तो उनके भीतर सहानुभूति, जिम्मेदारी और योगदान की भावना स्वतः विकसित होती है, यही इस भ्रमण और नैतिक जिम्मेंदारी की शिक्षा देने का उद्देश्य था। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग द्वारा फाउंडेशन को 10 हजार की राशि का दैनिक उपयोग में लाने वाला राशन भी प्रदान किया गया।




### संस्था के सेवाकार्य से बच्चे हुए अवगत

फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अमित राज ने विद्यार्थियों को संस्था की प्रेरक यात्रा से परिचित कराते हुए बताया कि संस्था की शुरुआत वर्ष 2018 में तब हुई, जब उन्होंने एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को कूड़ेदान से भोजन करते देखा। उस घटना ने



उनके भीतर गहरी संवेदना जगाई और उन्होंने कुछ करने का संकल्प लिया। भिलाई के नौ होटलों से साझेदारी कर वे रोजाना सड़कों पर रहने वाले लोगों को भोजन देने लगे। बाद में महसूस हुआ कि केवल भोजन देना काफी नहीं है, उन्हें स्थायी आश्रय, इलाज और सुरक्षा की आवश्यकता है। सांसद विजय बघेल के प्रयासों से वर्ष 2020 में फाउंडेशन को बीएसपी का एक भवन किराए पर मिला और नवंबर 2020 में इसका उद्घाटन किया गया। आज यहां 88 बेसहारा बुजुर्ग और मानसिक रूप से अस्वस्थ लोग निवासरत हैं। अब तक 41 लोगों को उनके परिवार से मिलाया गया है और 38 लोगों का अंतिम संस्कार संस्था के माध्यम से किया गया है। संस्थान के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की भावनाएं उमड़ पड़ीं। अथर्व, नैतिक, श्रीयश, निखिल, रक्षित, आस्था, जिज्ञासा, श्रेयशा, एमा, तनुषा, तनुश्री, सिद्धि, ध्वनि, पलक सिंह, ध्रुवी और अर्चना सहित कई विद्यार्थियों ने वहां उपस्थित वृद्धजनों से आत्मीय संवाद किया और सेवा के कार्यों में भाग लिया।

### जरूरतमंद की मदद करने में है सच्ची खुशी

इस दौरान अथर्व ने कहा कि यहां आकर समझ आया कि सच्ची खुशी किसी जरूरतमंद की मदद करने में है, अब मैं हर माह अपनी जेबखर्च से कुछ धनराशि परोपकार के लिए निकालूंगा। छात्रा जिज्ञासा ने कहा "आज हमने देखा कि सेवा केवल दान नहीं, बल्कि भावना है। अब जीवन का अर्थ केवल अपने लिए जीना नहीं बल्कि दूसरों के लिए जीना भी है।" श्रेयशा, पलक और आस्था ने कहा 'हम अपने जन्मदिन जैसी विशेष तिथियों पर ऐसी संस्थाओं में आकर सेवा करेंगे।' वहीं ध्वनि और तनुश्री ने कहा कि 'यह देखकर मन भर आया कि कोई टीम इतने प्रेम से बेसहारा लोगों का सहारा बन रही है, हम भी आगे चलकर ऐसे प्रयासों से जुड़ना चाहते हैं।' विद्यार्थियों की इन भावनाओं ने वातावरण को भावविभोर कर दिया।

### बीएसएफ का रहा सहयोग

स्कूल के इस भ्रमण के दौरान संस्कृत शिक्षक अजय आर्य, मीनाक्षी चंद्राकर, टकेश्वर साहू, संजू, सतीश धीवर, वसुधा तिवारी, राजेश चंद्राकर और रचना पाल ने अपना दायित्व बखूबी निभाया। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, सुरक्षा और सेवा के भाव से जोड़े रखने में सराहनीय भूमिका निभाई। पीएम श्री योजना के प्रभारी तोशन लाल साहू भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजन में बीएसएफ के अधिकारियों ने भी सहयोग किया।

## धर्म लाइव

### गौशाला में सांसद समेत भक्तों ने गौ माता की पूजा कर भोग खिलाया



**भिलाई।** हरिओम गौशाला जरवाय में गोपाष्टमी का पर्व और दीपावली मिलन मनाया गया। हरिओम बाबा गौरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सातवें वर्ष यह आयोजन किया गया था। इस अवसर पर गौ पूजन, गौसेवा एवं तुलादान किया गया। ट्रस्ट के संतोष अग्रवाल, उमाशंकर गोयल ने बताया कि गौशाला में गौ पूजन सुबह साढ़े बजे किया गया। इसमें सांसद विजय बघेल विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने गौ माता का पूजन कर उन्हें भोग खिलाया। सांसद ने कहा की गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए ट्रस्ट व इससे जुड़े समाजों का कार्य सराहनीय है। सभी को इसका अनुसरण करना चाहिए। इसके बाद गौ माता और गौ सेवा पर चर्चा की गई। दोपहर में भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संतोष अग्रवाल, नेतराम अग्रवाल, सुन्दर बंसल, सत्यनारायण अग्रवाल, महादेव बंसल, रतनलाल अग्रवाल, भगवान दास, अजय भसीन, शिरीष, पवन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राधेश्याम किरतुका, मनोज अग्रवाल, संतोष अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

कार्तिक पूर्णिमा पर 5 को होगा महाधिपति का महाअभिषेक

# नगपुरा जैन तीर्थ में चातुर्मास में सामूहिक आराधना, विधि-विधान से पूजा-अर्चना





दुर्ग। उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में कार्तिक पूर्णिमा 5 नवम्बर को चातुर्मास परिवर्तन के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर अनेक आयोजन किए जाएंगे। प्रत्येक पूर्णिमा को देशभर से सैकड़ों पूनम यात्री तीर्थपति के दर्शन वंदन के लिए पहुंचते हैं। इस वर्ष तीर्थभूमि नगपुरा में गच्छाधिपति

तीर्थप्रतिष्ठाचार्य राजयश सूरीश्वरजी मसा की आज्ञानुवर्तिनी, प्रवर्तिनी साध्वी वाचंयमा की शिष्या साध्वी लक्ष्ययशाश्री, साध्वी लब्धियशा, साध्वी आज्ञायशा श्री की निश्रा में देशभर के लगभग 171 आराधकों ने सामूहिक चातुर्मास आराधना की। कार्तिक पूनम को चातुर्मास की पूर्णता के साथ स्थान परिवर्तन की क्रिया होगी। कार्तिक पूर्णिमा को सुबह 6 बजे सामूहिक प्रभुदर्शन, चैत्यवंदन होगा। सुबह 6.30 बजे तीर्थपति की महाप्रभाविक उवसग्गहरं स्तोत्र मंत्रोच्चार के साथ 108 वासक्षेप विधान होगा। सुबह 7 से 8 बजे पूज्य साध्वीवृंद की निश्रा में तीर्थाधिराज शत्रुंजय महातीर्थ की भाव यात्रा, भाववाही वंदनावली होगी।

सुबह 9 बजे श्री वर्धमान शक्रस्तव के साथ तीर्थपति का महाभिषेक होगा। सुबह 9 .15 बजे तीर्थ के तीन गभारा में श्राविका मंजूबेन ललवानी हैदराबाद, मांगीलाल, संदीप, गौतम, अभिषेक निमाणी दुर्ग एवं शोभादेवी रमेश ललवानी भिलाई परिवार द्वारा रजत छत्र समर्पण का विधान होगा। इस अवसर पर दिल्ली, मुम्बई , अहमदाबाद, कलकत्ता, नागपुर सहित छत्तीसगढ़ अंचल के दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर धमतरी, खैरागढ़, साजा, देवरी, अर्जुनी, जगदलपुर से अनेको तीर्थभक्तों का तीर्थ आगमन हो रहा है।

## सम्मान समारोह

### राष्ट्रीय साहित्यांचल सम्मान से बलदाऊ राम होंगे सम्मानित

**भिलाई।** बाल साहित्य और लोक साहित्य की अध्येता बलदाऊ राम साहू राजस्थान भीलवाड़ा में राष्ट्रीय साहित्यांचल साहित्य सम्मान से सम्मानित होंगे। यह सम्मान साहित्यांचल पत्रिका भीलवाड़ा राजस्थान



द्वारा प्रतिवर्ष वरिष्ठ साहित्यकारों को दिया जाता है। इस वर्ष यह साहित्य सम्मान समारोह भीलवाड़ा में आयोजित किया गया है।

बलदाऊ राम साहू बाल साहित्य के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वे बाल साहित्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते हुए अब तक 20 से अधिक बाल साहित्य की रचना कर चुके हैं। जिसमें बाल कविताएं, बाल कहानियां, चित्रकथाएं, जीवनी इत्यादि सम्मिलित है। बलदाऊ राम साहू को वर्तमान में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा पशुपालन मत्स्य पालन एवं डेयरी मंत्रालय में राजभाषा सलाहकार के रूप में नामित किए गए हैं।

## समाज इवेंट

### गौ माता को सोहाई बांधकर यादवों ने किया दोहा पाठ, चित्रकला के प्रतिभागी सम्मानित



**दुर्ग।** देव उठनी एकादशी पर यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के प्रधान कार्यालय गहिरा गुरु धाम यादव सांस्कृतिक भवन दीपक नगर में छत्तीसगढ़ के राज गीत गाकर राज्य का 25 वां स्थापन दिवस मनाया गया। साथ ही विधि विधान से भगवान शालिक राम व तुलसी विवाह हर्षोल्लास के साथ किया गया। चन्दन, बंदन, श्री फल, मेवा मिष्ठान, ऋतु फल के साथ गन्ने का मंडप बनाकर पूजा अर्चना की गई। गौ माता को सौहाई बांध कर पारम्परिक यादव दोहों का पाठ किया गया। राऊताईन हांथा चित्रकला प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेविका डॉ. मानसी गुलाटी थीं। उन्होंने कहा कि यादव मातृ शक्तियों द्वारा दीपावली में बनाये जाने वाले राऊताईन हांथा चित्रकला प्रतियोगिता विगत 19 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। यह हमारा अमूल्य धरोहर है। आयोजन में 125 यादव महिलाओं ने भाग लिया। सर्वेश्रेष्ठ महिलाओं को श्रीफल, पितांबरी गमछा व अहीर पगड़ी में मोर पंख लगा फबन पहनाकर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। यादव महिलाएं घर के मुख्य द्वार पर कूंची से पकड़ी, सूवा, मोर आकार देकर विभिन्न रंगों से आकार देती है। शाम को जब राऊतों का बाजा बजता है, तब राऊताईन द्वारा दिये गये हाथा में धान व गौ माता के गोबर के साथ आशीर्वाद देते हैं। यह अनवरत गोवर्धन पूजा से देश उठनी एकादशी तक चलता है। कार्यक्रम में पार्षद डॉ. पायल पाटिल, मनोज सोनी सहित अन्य मौजूद थे। राऊताई हांथा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम फुलेश्वरी यादव, द्वितीय निर्मला यादव, तृतीय रजनी यादव रहीं। कार्यक्रम में कमलेश यादव, हर्ष हिंद यादव, उमराव आदि उपस्थित थे।

आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का पाँचवा और छठा जत्था हुआ रवाना

# विभिन्न राज्यों के आदिवासी युवा एक दूसरे के खान-पान, सांस्कृतिक गतिविधियों व वेषभूषा से होंगे रूबरू, 18 से 22 वर्ष के 650 हुए चयनित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** 17वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत कांकेर और नारायणपुर, छत्तीसगढ़ के अति दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से चयनित 50 आदिवासी युवक एवं युवतियों का 5वां व 6वां जत्था जगदलपुर रेलवे स्टेशन से भुवनेश्वर (ओडिशा) और दुर्ग रेलवे स्टेशन से कोझिकोड केरला के लिए रवाना किया गया। दोनों जत्थों में 25 पुरूष और 25 महिलाओं सहित 50 प्रतिभागी शामिल होंगे। छत्तीसगढ के कांकेर और नारायणपुर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के नक्सल प्रभावित इलाके से इस वर्ष 25 भ्रमण कार्यक्रमों के अतंर्गत 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 650 चयनित युवा भाग ले रहे है। जहां वे अन्य प्रदेशों के आदिवासी युवाओं से मिलकर वहां की संस्कृति, खानपान और रिति रिवाजों को जानकर शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल होंगे।



### दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का करेंगे भ्रमण

यह प्रतिभागी भुवनेश्वर एवं कोझिकोड में भारत के विभिन्न राज्यों से आए अन्य आदिवासी युवाओं के साथ मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी युवक एवं युवतियों को अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक-युवतियों के बीच मेल-मिलाप का अवसर मिलेगा, जिससे वे एक-दूसरे के खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं वेषभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में अन्य राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी जायेगी। साथ ही भुवनेश्वर ओडिशा और कोझिकोड केरला के प्रसिद्ध, दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।



### 7 दिनों में होंगी सभी गतिविधियां पूरी

17वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम युवा मामले और खेल मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 7 दिन है। छत्तीसगढ के कांकेर और नारायणपुर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के नक्सल प्रभावित इलाके से इस वर्ष 25 भ्रमण कार्यक्रमों के अतंर्गत 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 650 चयनित युवा भाग ले रहे है। आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में उच्च अधिकारियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, भाषण प्रतियोगिता, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन, आदि के बारे में जानना शामिल है। इसके अलावा प्रतिभागी भुवनेश्वर ओडिशा और कोझिकोड केरला के उद्योगों एवं सुरक्षा बलों के शिविरों का भी भ्रमण करेंगे।

ज्योतिष

## मंगल ने बनाया केंद्र त्रिकोण राजयोग, इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन



वैदिक ज्योतिष शास्त्र में मंगल को ग्रहों का सेनापति माना जाता है। हाल में मंगल वृश्चिक राशि में प्रवेश किया है। अपनी स्वराशि में आने से मंगल ने पंचमहापुरुष में से एक रूचक राजयोग का निर्माण कर रहे हैं। इसके अलावा मंगल केंद्र त्रिकोण राजयोग का भी निर्माण कर रहे हैं। मंगल के इस योग का निर्माण करने से कुछ राशि के जातकों को विशेष लाभ मिल सकता है।

**सिंह राशि** : मंगल सिंह राशि के नवम भाव के स्वामी होकर चौथे भाव में यानी केंद्र के भाव में गोचर कर रहे हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों को विशेष लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही रूचक राजयोग आपके जीवन में खुशियों की दस्तक कर सकता है। बॉस और वरिष्ठ अधिकारी आपके काम से प्रसन्न हो सकते हैं। उनका आपको पूरा सहयोग मिल सकता है। ऐसे में आप बड़े से बड़ा लक्ष्य पूरा कर पाने में सफल हो सकते हैं। आय के नए साधन खुल सकते हैं। ऐसे में आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी हो सकती है। इसके अलावा कर्क राशि में विराजमान गुरु भी आपके लिए लाभकारी हो सकता है।

कर्क राशि

इस राशि में दशम भाव यानी केंद्र का भाव स्वामी होकर मंगल पंचम भाव में विराजमान है। इस राशि के जातकों को संतान की ओर से अच्छी खबर मिल सकती है। नौकरीपेशा जातकों को नई नौकरी के कई अवसर मिल सकते हैं। इसके साथ ही जीवन में खुशियां ही खुशियां आ सकती है। इस दौरान अच्छा खासा मुनाफा कमा पाने में सफल होंगे। शासन-प्रशासन या राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हुए जातकों को भी काफी अच्छा लाभ हो सकता है।

**मेष राशि** : मेष राशि के अष्टम भाव में मंगल विराजमान है। मंगल की चौथी दृष्टि एकादश भाव पर पड़ रही है। अष्टम का जब एकादश से संबंध बनता है तो जातक को आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। इस राशि के जातकों को गुप्त धन का प्राप्ति हो सकती है और डूबा हुआ पैसा भी वापस मिल सकता है। मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिल सकती है। भगवान हनुमान की पूजा करने से विशेष फलों की प्राप्ति हो सकती है।

## इन राशियों को 11 नवंबर से मिल सकता है किस्मत का साथ



वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस समय गुरु बृहस्पति अतिचारी अवस्था में हैं यानी वे एक वर्ष में एक राशि से आगे बढ़ने के बजाय आने वाले सात वर्षों में सभी बारह राशियों में एक-एक बार प्रवेश करेंगे। बता दें कि गुरु 11 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक कर्क राशि में वक्री रहेंगे। इसके बाद मिथुन राशि में वक्री हो जाएंगे और 11 मार्च को मार्गी हो जाएंगे। गुरु के वक्री होने से इन राशि के जातकों की किस्मत साथ देगी।

**मकर राशि** : इस राशि में गुरु सप्तम भाव में वक्री हो रहे हैं। उच्च होने के कारण गुरु वक्री होकर भी इस राशि के जातकों के जीवन में खुशियां लेकर आ सकते हैं। अविवाहितों को शादी का प्रस्ताव आ सकता है। इसके साथ ही दांपत्य जीवन में खुशियों की दस्तक हो सकती है। नौकरीपेशा जातकों को पदोन्नति के साथ धन लाभ के योग बन रहे हैं। गुरु की दृष्टि लग्न, एकादश और तीसरे भाव पर पड़ेगी। ऐसे में इस राशि के जातकों के आमदनी में तेजी से वृद्धि हो सकती है।

**कन्या राशि** : इस राशि में गुरु ग्यारहवें भाव में वक्री होंगे। ऐसे में इस राशि के जातकों की लंबे समय से रुकी हुई कई इच्छाएं पूरी हो सकती है। इस राशि के जातकों के जीवन में प्रगति के मार्ग खुलेंगे। गुरु का प्रभाव चौथे, पांचवें, छठे, सातवें और ग्यारहवें भावों पर रहेगा। लाभ भाव में वक्री होने से इस राशि के जातकों को घर, वाहन, प्रापर्टी आदि में लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी और कर्ज से भी मुक्ति मिलेगी।

**वृषभ राशि** : इस राशि में गुरु बृहस्पति तृतीय भाव में वक्री होंगे। गुरु अष्टम भाव के स्वामी है। इसके साथ ही वह नौवें भाव में दृष्टि डालेंगे। ऐसे में इस राशि के जातकों को किस्मत का पूरा साथ मिल सकता है। लंबे समय से जीवन में चली आ रही समस्याएं समाप्त हो सकती है। बाधाओं से भी राहत मिल सकती है। गुरु के प्रभाव से अध्यात्म की ओर आपका अच्छा खासा झुकाव हो सकता है। गुरु की दृष्टि सप्तम भाव में पड़ने से विवाह के योग बनेंगे। व्यापार के क्षेत्र में लाभ मिल सकता है। नए ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं।

### त्वचा फटने लगती है और खुजली व जलन भी बढ़ती

# सर्दियों में शुष्क होकर फटने लगी है त्वचा इस तरह देखभाल करें नहीं होगी परेशानी

सर्दियां शुरू होते ही हम सबकी त्वचा डल और ज्यादा शुष्क हो जाती है। इस समय सबसे ज्यादा परेशानी शुष्क त्वचा वाले लोगों को झेलनी पड़ती है। हवा में नमी न होने की वजह से त्वचा फटने लगती है और खुजली व जलन भी बढ़ती है। ऐसे में सही तरीके से त्वचा की देखभाल करना और अच्छे उत्पाद इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है। आज के लेख में जानिए आप सर्दियों में शुष्क त्वचा से छुटकारा कैसे पा सकते हैं।



### ग्लिसरीन और गुलाब जल मिलाकर लगाएं

सर्दियों के मौसम में आपको रोजाना ग्लिसरीन और गुलाब जल का टोनर इस्तेमाल करना चाहिए। इसे बनाने के लिए एक कटोरी में बराबर मात्रा में ग्लिसरीन और गुलाब जल मिलाएं। इसे स्प्रे बोतल में भरकर रखें और रोजाना 2 बार त्वचा पर छिड़कें। यह टोनर न केवल आपकी त्वचा को नमी प्रदान करेगा, बल्कि खुजली को भी शांत कर देगा। इसकी मदद से त्वचा हाइड्रेटेड रहेगी और एक प्राकृतिक चमक भी मिल जाएगी।

### नारियल तेल का उपयोग करें

सर्दियों में त्वचा पर नारियल तेल लगाना सबसे बढ़िया निर्णय होगा, क्योंकि इसकी मदद से त्वचा हाइड्रेटेड रहती है। इसमें फैटी एसिड मौजूद होते हैं, जो त्वचा की नमी को बनाए रखने में सक्षम होते हैं। इसमें सूजनरोधी और जीवाणुरोधी गुण भी होते हैं, जो एक्जिमा और सोरायसिस जैसी स्थितियों का इलाज करने में सहायक होते हैं। त्वचा पर लगाने से पहले नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर लें, ताकि ज्यादा फायदा हो।

### एवोकाडो का फेस पैक इस्तेमाल करें

सर्दियों में रसायन युक्त फेस पैक इस्तेमाल करने से परहेज करना चाहिए, जो त्वचा को और शुष्क बनाते हैं। ऐसे में त्वचा विशेषज्ञ एवोकाडो से बना हर्बल फेस पैक लगाने की सलाह देते हैं। इस फल में स्वस्थ वसा, कई तरह के विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इसके फैटी एसिड नमी को बनाए रखने में मदद करते हैं, जबकि विटामिन-सी और ई त्वचा को स्वस्थ रखते हैं।

### ओट्स के पानी से नहाएं

सर्दियों में लोग गर्म पानी से नहाते हैं, जो त्वचा को और शुष्क बना देता है। इसकी जगह पर आपको ओट्स वाले गुनगुने पानी से नहाना चाहिए। ऐसा करने से खुजली से आराम मिलता है और नमी बनी रहती है। ओट्स में बीटा-ग्लूकेन्स होते हैं, जो जलन को शांत करते हैं और त्वचा को फटने नहीं देते। गुनगुने पानी में एक कप ओट्स डालें और उसे 20 मिनट भीगने दें। जब पानी का रंग बदल जाए तब उससे स्नान करें।

### मलाई भी आएगी काम

भारत के ज्यादातर लोग त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिए दूध की मलाई लगाते हैं। यह शुष्क त्वचा से छुटकारा पाने और खुजली व त्वचा के फटने की समस्या का इलाज करने में मदद करती है। मलाई में लैक्टिक एसिड पाया जाता है, जो मृत त्वचा को हटाने में सहायता करता है। इसकी वसा त्वचा में प्रवेश करके गहराई तक नमी प्रदान करती है। मलाई को 10 मिनट त्वचा पर लगाकर रखें और गुनगुने पानी से साफ कर लें।



## गर्माहट देने वाले इन व्यंजनों को सर्दियों में बनाएं डाइट का हिस्सा बीमारियों से रहेंगे सुरक्षित

सर्दियों के दौरान कुछ ऐसा खाने का दिल करता है, जो शरीर को गर्माहट दे सके। इस मौसम में सर्दी-जुखाम होने का खतरा रहता है, जिनसे सही डाइट लेकर सुरक्षित रहा जा सकता है। ऐसे में आपको इस दौरान ये गर्म व्यंजन खाने चाहिए। इनके सेवन से न केवल गर्माहट मेहसूस हो सकती है, बल्कि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ सकती है। आइए इन सभी की रेसिपी पर नजर डालते हैं।

### झोल मोमो

झोल मोमो बनाने के लिए सबसे पहले मैदे में नमक और थोड़ा-सा तेल मिलाकर मुलायम आटा गूंध लें। अब तैयार आटे को बेलें और उसकी छोटी-छोटी गोल पूड़ियां बनाएं। मोमो की स्टफिंग तैयार करने के लिए सब्जियों को कद्दूकस करके हल्का भून लें। इसके बाद पूड़ियां में स्टफिंग भर कर मोमो को आकार दें और स्टीम करें। झोल बनाने के लिए सफेद तिल, मूंगफली, टमाटर, जीरा और मसाले पीसें और इसमें मोमो डालकर खाएं।

### आटे की पिन्नी

आटे की पिन्नी बनाने की शुरुआत मेवे काटने से होगी। अब एक पैन में घी गर्म करें और उसमें गोंद डालकर चिपचिपा होने तक पकाएं।

इसे ठंडा करने के बाद मिक्सी में पीस कर इसका पाउडर बना लें। अब पैन में काटे हुए मेवों को डालें और धीमी आंच पर भून लें। इसी पैन में दोबारा घी डालें और गेहूं का आटा डालकर मिलाएं। अब चीनी समेत सभी अन्य सामग्रियों को मिलाएं और लड्डू बनाकर स्टोर करें।

### लहसुन का अचार

सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए आप लहसुन का अचार खा सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले लहसुन को छीलकर साफ कर लें और उन्हें धूप में रखकर सुखा लें। एक दिन लहसुनों को सुखाने के बाद उन्हें तल लें। एक पैन में सरसों के बीज, जीरा, मेथी के दाने और धनिया डालकर भूनें और उन्हें पीसें। इसमें नमक, गर्म तेल और तले हुए लहसुन डालें और कांच की बरनी में भरकर धूप में सुखाएं।

### ब्रोकली चेडर सूप



सर्दियों में अगर गर्मा-गर्म ब्रोकली चेडर सूप मिल जाए तो ठंड दूर भाग जाती है। इसे तैयार करने के लिए प्याज, लहसुन, गाजर, ब्रोकली और अपनी पसंद की सब्जियां काट लें। इन्हें मुलायम होने तक भून लें और एक चम्मच मैदा भी भून लें। इसमें सब्जियों का शोरबा शामिल करें और अपने मन चाहे मसाले मिला दें। इसके बाद इसमें ढेर सारी चेडर चीज मिलाएं, ताकि सूप गाढ़ा और ज्यादा लजीज बन जाए। ऊपर से क्रीम डालें और सेवन करें।

### अखरोट का हलवा

अखरोट का हलवा एक पौष्टिक व्यंजन है, जो ठंड के मौसम में शरीर को गर्मी प्रदान करता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अखरोट को बारीक पीस लें। अब घी में इसे भूनकर दूध डालें और धीमी आंच पर पकाएं। इसमें चीनी डालकर अच्छी तरह से मिलाएं और इलायची पाउडर डालकर स्वाद बढ़ाएं। यह हलवा न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड भी होता है, जो दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

## सर्दियों में क्रॉप हुडी पहनकर आप दिखेंगी सुंदर इन तरीकों से की जा सकती है स्टाइल

सर्दी के मौसम ने दस्तक दे दी है, जो गर्म कपड़े निकालने का समय है। इस मौसम में महिलाएं स्वेटर, जैकेट और हुडी जैसे कपड़े पहनना पसंद करती हैं। हालांकि, पिछले कुछ सालों से क्रॉप हुडी महिलाओं की पसंदीदा बन गई हैं। ये छोटी हुडी होती हैं, जिनकी लंबाई पेट तक होती है। ये कपड़ा कई अलग-अलग डिजाइन और टेक्सचर में उपलब्ध रहता है। आज फैशन टिप्स में जानिए आप क्रॉप हुडी को किन तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं।

**वाइड लेग जींस के साथ पहनें-** क्रॉप हुदी के साथ जो बॉटम वियर सबसे अच्छा लगेगा, वह है वाइड लेग जींस। ये जींस ढीली-ढाली, चौड़े पैर वाली और हाई वेस्ट वाली होती हैं। ये जींस इन दिनों सबसे ज्यादा वायरल हैं, जो कार्गो, पैंट और अन्य डिजाइन में उपलब्ध रहती हैं। ज्यादातर रंगों वाली क्रॉप हुडी के साथ नीली जींस बढ़िया लगती हैं। इस तरह के आउटफिट के साथ स्नीकर्स या क्रॉक्स पहनकर आप सबसे सुंदर दिखेंगी।

**मिनी स्कर्ट के साथ पेयर करें-** अगर आप सर्दियों में किसी डेट पर जा रही हैं तो क्रॉप हुडी के साथ मिनी स्कर्ट पहनकर देखें। अगर आप सही तरह से इसे स्टाइल करेंगी तो ठंड में भी यह बॉटम वियर पहना जा सकता है। सबसे पहले पैरों में फ्लीस लेगिंग पहनें, जो गर्माहट प्रदान करती हैं। इसके ऊपर स्कर्ट पहनें और लंबे बूट्स स्टाइल करें। इस तरह के लुक के साथ मैरून, नारंगी, लाल या काले रंग



की क्रॉप हुडी सबसे अच्छी लगेंगी।

**ट्रैक पैंट के साथ लगेगी सुंदर-** अगर आप एक कैजुअल लुक पाना चाह रही हैं तो क्रॉप टॉप के साथ ट्रैक पैंट शानदार लगेंगी। ट्रैक पैंट हल्की एथलेटिक पैंट होती हैं, जिन्हें आम तौर पर जॉगिंग आदि के दौरान पहना जाता है। आप ग्रे रंग की ट्रैक पैंट के साथ ग्रे क्रॉप हुडी पहन सकती हैं। आपको इस बॉटम वियर के साथ चेन वाली हुडी पहननी चाहिए, जो हल्की ढीली हो। इसके साथ आप कोई भी कैजुअल चप्पल पेयर कर सकती हैं।

**लेगिंग के साथ स्टाइल करें-** क्रॉप हुडी को स्टाइल करने का एक और अच्छा तरीका है उसे लेगिंग के साथ पेयर करना। इस बॉटम वियर को टाइटस भी कहते हैं, जो पैरों से चिपका हुआ होता है। इसे पॉलिएस्टर, नायलॉन और स्पैंडेक्स जैसे कपड़ों से बनाया जाता है, ताकि ये खिचने योग्य हो। यह लुक इन दिनों सबसे ज्यादा ट्रेंड में है, जिसे अभिनेत्रियों ने वायरल किया है। इसके साथ ऊनी टोपी पहनें और बड़े जूते स्टाइल कर लें।

## पारंपरिक परिधान के साथ पहनें स्टाइलिश व आरामदायक फुटवियर्स, मिलेगा अलग लूक

भारतीय महिलाएं पारंपरिक कपड़ों के साथ फुटवियर्स का मेल करना पसंद करती हैं क्योंकि ये न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि पारंपरिक कपड़ों के साथ भी अच्छी लगती हैं। चाहे वह लहंगा-चोली हो या साड़ी, जूतियां हर मौके पर एक अलग ही रौनक बिखेरती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर्स के बारे में बताएंगे, जो आपके पारंपरिक कपड़ों के साथ बहुत अच्छी लगेंगी और आपको एक खास लुक देंगी।

**जूतियां-** जूतियां एक पारंपरिक भारतीय जूता है, जो आमतौर पर काले या भूरे रंग में आती है। इनका डिजाइन साधारण होता है, लेकिन ये बहुत ही आरामदायक होती हैं। जूतियों को आप लहंगा-चोली के साथ पहन सकती हैं और यह आपके पूरे लुक को एक नया आयाम देती है। इनका उपयोग आप शादी या किसी बड़े समारोह में भी कर सकती हैं, जहां आपको लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता है।

**मोजड़ी-** मोजड़ी एक और पारंपरिक जूता है, जो अपने अनोखे डिजाइन और आरामदायक फीचर्स के कारण बहुत लोकप्रिय है। ये आमतौर पर चमड़े से बनी होती हैं और इन पर हाथ से कढ़ाई की जाती है, जिससे इनका लुक बेहद खास लगता है। मोजड़ी को आप किसी भी पारंपरिक पोशाक जैसे कुर्ती सेट या लहंगा-चोली के साथ पहन सकती हैं। यह आपके पूरे लुक



को निखारता है और आपको एक शाही अंदाज देता है।

**कोल्हापुरी चप्पल-** कोल्हापुरी चप्पल महाराष्ट्र की एक खासियत है, जो अपने मजबूत निर्माण और सुंदर डिजाइन के लिए जानी जाती हैं। ये आमतौर पर चमड़े से बनाई जाती हैं और इन पर हाथ से कढ़ाई की जाती है। कोल्हापुरी चप्पल को आप किसी भी पारंपरिक कपड़ों जैसे कुर्ती सेट या साड़ी के साथ पहन सकती हैं। यह आपके पूरे लुक को एक नया आयाम देती है और आपको एक खास पहचान देती है।

**ब्लॉक हील्स सैंडल्स-** ब्लॉक हील्स सैंडल्स आधुनिक फैशन का हिस्सा बन गए हैं, जो पारंपरिक कपड़ों के साथ भी अच्छे लगते हैं। इनकी मोटी एड़ी इन्हें आरामदायक बनाती है, जबकि इनका डिजाइन इन्हें स्टाइलिश बनाता है। ब्लॉक हील्स सैंडल्स को आप किसी भी प्रकार की पारंपरिक कपड़ों जैसे लहंगा-चोली या साड़ी के साथ पहन सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### जिम जाने के लिए कपड़े खरीदते समय कई बातों का ध्यान रखना जरूरी

# जिम में एक्सरसाइज के लिए कपड़े खरीदते समय रखें इन बातों का विशेष ध्यान

जिम जाने के लिए कपड़े खरीदते समय कई बातों का ध्यान रखना जरूरी है। सही कपड़े न केवल आपकी एक्सरसाइज को आरामदायक बनाते हैं, बल्कि आपके प्रदर्शन को भी बेहतर करते हैं। सही कपड़े चुनने से आप अपनी एक्सरसाइज का पूरा मजा ले सकते हैं और सेहत के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आइए आज हम आपको जिम के कपड़े खरीदते समय ध्यान रखने वाली बातें बताते हैं।

**लचीला होना चाहिए कपड़ा-** जिम के कपड़ों में लचीलापन होना बहुत जरूरी है ताकि आप बिना किसी रुकावट के अपनी सभी एक्सरसाइज कर सकें। लचीले कपड़े आपको स्ट्रेचिंग और वजन उठाने जैसी गतिविधियों को आराम से करने की अनुमति देते हैं। इसके अलावा लचीले कपड़े शरीर की हरकतों के साथ आसानी से ढल जाते हैं, जिससे आप अपनी पूरी ताकत लगा सकते हैं।



### मौसम के हिसाब से चुनें कपड़े

मौसम के हिसाब से भी जिम के कपड़े चुनना जरूरी है। गर्मियों में हल्के और सांस लेने वाले कपड़े अच्छे होते हैं, जबकि सर्दियों में मोटे और गर्म कपड़े पहनने चाहिए ताकि ठंड से बच सकें। इसके अलावा बारिश या बर्फबारी में बाहर एक्सरसाइज करने वाले लोगों को पानी रोधक या गर्म कपड़े चुनने चाहिए। इस तरह आप अपने जिम अनुभव को बेहतर बना सकते हैं और सेहत के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

### पसीना सोखने में हो सक्षम

पसीने को सोखने वाले कपड़े जिम के लिए सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि ये त्वचा को सूखा रखते हैं और आप तरोताजा महसूस करते हैं।

पसीना सोखने वाले कपड़े पसीने को जल्दी अवशोषित करते हैं और त्वचा को हवा लगने देते हैं, जिससे आप किसी प्रकार की जलन या चकत्ते से बच सकते हैं। इसके अलावा ये कपड़े हल्के होते हैं और आसानी से धोए जा सकते हैं।

### कपड़े का फैब्रिक देखें

जिम के कपड़े खरीदते समय फैब्रिक के प्रकार पर खास ध्यान दें। सूती कपड़े सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि ये त्वचा को हवा लगने देते हैं और पसीना सोख लेते हैं। इससे आप तरोताजा महसूस करते हैं और किसी प्रकार की जलन या चकत्ते से बच सकते हैं। इसके अलावा सूती कपड़े हल्के होते हैं और आसानी से धोए जा सकते हैं। इसलिए जिम के लिए हमेशा सूती कपड़े ही चुनें।



### फिटिंग होना चाहिए बिल्कुल सही

जिम के कपड़ों की फिटिंग भी बहुत अहम होती है। कपड़े न तो बहुत ढीले होने चाहिए और न ही बहुत टाइट। ढीले कपड़े एक्सरसाइज करते समय फंस सकते हैं, जबकि टाइट कपड़े आरामदायक नहीं होते हैं। सही फिटिंग वाले कपड़े शरीर को ढकते हुए आरामदायक महसूस करवाते हैं और किसी प्रकार की रुकावट नहीं डालते। इसलिए जिम के लिए हमेशा सही फिटिंग वाले कपड़े चुनें ताकि आप बिना किसी परेशानी के अपनी एक्सरसाइज कर सकें।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# जस्टिन बीबर के बेटे ने रिएक्रिएट किया पापा का 2010 का आइकॉनिक लुक

जस्टिन बीबर और हैली बीबर के बेटे जैक 14 महीने के हैं। उनकी एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। फैंस उनकी तस्वीर पर दिल हार बैठे हैं, क्योंकि उन्होंने अपने पापा का 15 साल पुराना आइकॉनिक लुक रीक्रिएट किया है। उन्होंने हैलोवीन पर अपने बेटे को ऐसे लुक में तैयार किया था।



कैनेडियन पॉप सिंगर जस्टिन बीबर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। इस बार वो अपने 14 महीने के बेटे जैक के कारण सुर्खियां बटोर रहे हैं। दरअसल, जस्टिन के बेटे जैक ने हैलोवीन पर अपने पापा का साल 2010 का आइकॉनिक लुक को रीक्रिएट किया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही फोटो पर फैंस दिल हार बैठे हैं। इस साल हैलोवीन पर जस्टिन बीबर के बेटे जैक ने साबित कर दिया है कि उनके अंदर पापा के म्यूजिक जीन विरासत में मिले हैं। वो अभी 14 महीने के ही हैं, लेकिन अपने लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। उन्होंने अपने पापा के सबसे यादगार लुक्स में से एक 'माई वर्ल्ड टूर' के दौर को दोहराया है। जस्टिन के बेटे जैक की ये फोटो देखकर फैंस पुरानी यादों में खो गए हैं। जब जस्टिन ने 15 साल पहले व्हाइट कलर की जैकेट के साथ पर्पल कलर की हुडी पहनी थी। उस समय जस्टिन 14 साल के थे। हैली ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'जेबीबी की तरफ से हैप्पी हैलोवीन।' मालूम हो कि जस्टिन का जन्म साल 1994 में हुआ था। वो कनाडा के फेमस सिंगर हैं।

## टॉलीवुड

# बाहुबली: द एपिक से उड़ा दिया गया तमन्ना का लव सॉन्ग

एस. एस. राजामौली के निर्देशन में बनी 'बाहुबली: द एपिक' हाल ही में रिलीज हुई। ये फिल्म कोई नई कहानी नहीं बल्कि उनकी पुरानी दोनों ब्लॉकबस्टर फिल्मों ' बाहुबली: द बिगिनिंग ' और 'बाहुबली: द कन्क्लूजन' को ही काट छांट कर तैयार की गई है। एस. एस. राजामौलीने हाल ही में बताया कि उन्होंने तमन्ना भाटिया का एक रोमांटिक सॉन्ग इस फिल्म के नए वर्जन से क्यों हटा दिया।



राजामौली ने कहा है कि जब उन्होंने 'बाहुबली: द बिगनिंग' और 'बाहुबली 2: द कन्क्लूजन' दोनों फिल्मों को जोड़कर एक ही फिल्म 'बाहुबली: द एपिक' के रूप में दिखाने का फैसला किया, तो इसकी लंबाई करीब 5 घंटे 27 मिनट की हो गई। चूंकि दर्शकों के लिए ये स्क्रीन टाइम काफी लंबी थी, इसलिए टीम को इसे लेकर कुछ फैसले लेने पड़े। राजामौली ने एक प्रमोशनल चैट के दौरान प्रभास और राणा दग्गुबाती के साथ बातचीत में कहा कि नई फिल्म के वर्जन में कई सीन शामिल नहीं किए गए हैं। इसके पीछे की वजह भी उन्होंने बताई। राजामौली ने कहा, 'हर सीन अपने आपमें खास था, लेकिन जब हमने दोनों फिल्मों को मिलाया तो कहानी बहुत लंबी और धीमी लगने लगी। हमें तय करना पड़ा कि क्या रखना है और क्या छोड़ना है। इसलिए हमने यह ध्यान रखा कि फिल्म सिर्फ कहानी पर केंद्रित रहे, न कि हर छोटे-छोटे रोमांटिक या गाने वाले हिस्सों पर।'इस काट-छांट में तमन्ना भाटिया और प्रभास के बीच का लव सॉन्ग 'पाचा बोट्टेसिना' और कुछ सीक्वेंस को हटाना पड़ा। राजामौली ने कहा कि यह फैसला आसान नहीं था, क्योंकि यह गाना उस वक्त काफी पसंद किया गया था लेकिन नई फिल्म का मकसद कहानी को सीधा और तेजी से आगे बढ़ाना था। उन्होंने बताया कि कुछ युद्ध वाले सीन और दूसरे गाने जैसे 'कन्नानिदुरिंचरा' और 'इरुकुपो' को भी हटाना पड़ा ताकि कहानी एक लय में चले।

## भोजपुरी

# मोनालिसा ने माइक्रो ड्रामा सीरीज में मारी है एंट्री



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपना एक रोमांटिक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में मोनालिसा 'सैयारा' के गाने पर एक्ट करती दिख रही हैं, जिसके बाद क्रू उनका वीडियो देख रहे हैं। सोशल मीडिया पर मोनालिया के इस वीडियो की तारीफ जमकर हो रही। अपनी एक्टिंग के लंबे सफर को तय करते हुए भोजपुरी एक्ट्रेस ने अब माइक्रो ड्रामा सीरीज में हाथ आजमाया है। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर सीरीज की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। मोनालिसा ने कैप्शन लिखा, 'मेरे प्यारे दर्शकों, मेरे नए प्रोजेक्ट को इतना सारा प्यार देने के लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। पहली पहल हमेशा खास होती है और यह मेरी पहली माइक्रो ड्रामा सीरीज है। सभी दर्शकों को यह इतनी पसंद आई। सच में बहुत अच्छा लग रहा है। मेरे को-एक्टर्स, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर समेत पूरी टीम को धन्यवाद।' इस पोस्ट में पीछे 'सैयारा' का टाइटल ट्रैक सुनाई दे रहा है। इसी गाने पर मोनालिसा अपने शो के हीरो के साथ रोमांटिक पोज़ देती दिख रही हैं। लोगों ने उनके इस एक्ट की खूब तारीफ भी की है। बहुत से लोगों ने परफेक्ट जोड़ी कहा है। एक ने कहा- एक तरफ घर वाला और एक तरफ बाहर वाला, ये है बीवी नंबर 1। यूं तो हिंदी सिनेमा में मोनालिसा ने कई फिल्में कीं, लेकिन उन्हें असल पहचान भोजपुरी सिनेमा से मिली थी। उन्होंने 2008 में 'भोले शंकर' से भोजपुरी इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। मोनालिसा ने अपने फिल्मी सफर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। साथ ही साथ उन्होंने कई आइटम सॉन्ग्स में भी डांस किया है।

## लाइफ स्टाइल

# पलक गिरा गईं हुस्न की बिजलियां



25 की उम्र में ही अपने स्टाइल को लेकर अलग पहचान बनाने वाली पलक तिवारी यहां फैशन डिजाइनर प्रबल गुरुंग के स्टनिंग स्ट्रैपलेस गाउन में नजर आ रही हैं। जिसमें उन्हें हमेशा की तरह विक्टर और सोहेल ने स्टाइल किया। जिसमें पलक का सिजलिंग रूप देखते ही बना। जिसे उन्होंने कैरी भी बड़े ही ग्रेसफुल तरीके से किया। ब्लैक शीयर फैब्रिक से बनी रफल डीटेलिंग के साथ बनाया बो जैसा पैटर्न इसमें ग्लैमर का टच ले आया।

# जींस खरीदना इतना आसान नहीं, खरीदने से पहले बहुत कुछ बातें समझना जरूरी

जींस एक ऐसा कपड़ा है, जो हर किसी की अलमारी में होता है। यह न केवल आरामदायक होता है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखता है। हालांकि, सही जींस चुनना आसान नहीं होता, खासकर जब बात महिलाओं की हो। सही जींस चुनने के लिए सबसे पहले अपने शरीर के आकार को समझना जरूरी है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि किन बातों का ध्यान रखकर आप अपने लिए सही जींस चुन सकती हैं।

**शरीर के आकार को समझें-** सबसे पहले अपने शरीर के आकार को समझें। महिलाओं के शरीर के मुख्य तीन आकार (सेब, नाशपाती और सीधा) होते हैं। सेब आकार में कंधे और कमर चौड़े होते हैं, जबकि नाशपाती आकार में कंधे पतले होते हैं और सीधा आकार में कंधे, कमर सभी समान होते हैं। अपने शरीर के आकार को पहचानकर आप आसानी से यह तय कर सकती हैं कि कौन सी जींस आपके लिए सही होगी।

**सही फिटिंग चुनें-** जींस खरीदते समय फिटिंग पर खास ध्यान दें। सही फिटिंग वाली जींस न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि आपके शरीर के आकार को भी अच्छा दिखाती हैं। अगर आपकी जींस ढीली होगी तो वह आपके लुक को बेकार बना सकती है और अगर बहुत टाइट होगी तो पहनने में असुविधा होगी। इसलिए हमेशा अपनी माप लेकर ही जींस खरीदें ताकि वह सही से फिट हो और आपको आरामदायक महसूस हो।



**रंग का चयन करें-** जींस का रंग भी अहम होता है। अगर आप पहली बार जींस खरीद रही हैं तो गहरा नीला या काला रंग चुनें क्योंकि ये रंग हर किसी पर अच्छे लगते हैं और किसी भी तरह के टॉप के साथ मेल खा सकते हैं।

इसके अलावा ये रंग गंदगी नहीं दिखाते और लंबे समय तक नए जैसे रहते हैं। अगर आप थोड़ी अलग पसंद रखती हैं तो ग्रे या गहरा ग्रे भी आजमा सकती हैं।

**कपड़े की गुणवत्ता देखें-** जींस खरीदते समय उसके कपड़े की गुणवत्ता पर ध्यान दें। सूती कपड़ा सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि यह आरामदायक होता है और लंबे समय तक चलता है। इसके अलावा इसमें हवा भी गुजरती रहती है जिससे गर्मी नहीं लगती। पॉलिएस्टर मिश्रित कपड़े

### स्टाइल पर ध्यान दें

अंतिम लेकिन जरूरी बात यह है कि जींस का स्टाइल भी मायने रखता है। बेल बॉटम, स्ट्रेट कट, स्किनी आदि

सभी स्टाइल अपने-अपने तरीके से अच्छे लगते हैं। लेकिन आपको कौन सा स्टाइल ज्यादा पसंद है, यह आपके व्यक्तिगत चयन पर निर्भर करता है। इसलिए जब भी आप नई जींस खरीदने जाएं तो इन सभी बातों का ध्यान जरूर रखें ताकि वह आपकी शारीरिक बनावट और पसंद के अनुसार सही से चुनी जा सके।

# शर्ट ड्रेस को ऐसे करें स्टाइल लगे सबसे खूबसूरत और रहे आरामदायक

फैशन



आजकल शर्ट ड्रेस का चलन बहुत बढ़ गया है। यह न केवल आरामदायक होती है, बल्कि स्टाइलिश भी लगती है, खासकर ऑफिस के माहौल में, जहां पेशेवर और आरामदायक दिखना जरूरी होता है। शर्ट ड्रेस को सही तरीके से पहनने और स्टाइल करने से आप न केवल पेशेवर लग सकती हैं, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा सकती हैं। आइए कुछ आसान और प्रभावी टिप्स जानते हैं, जिनसे आप शर्ट ड्रेस को ऑफिस के लिए खास बना सकती हैं।

### सही फिटिंग का चयन करें

शर्ट ड्रेस खरीदते समय उसकी फिटिंग पर खास ध्यान दें। अगर ड्रेस ढीली होगी तो वह आपको असुंदर दिखा सकती है, जबकि बहुत टाइट ड्रेस पहनना भी आरामदायक नहीं होता। इसलिए हमेशा अपनी शारीरिक बनावट के अनुसार सही फिटिंग वाली ड्रेस चुनें। इससे न केवल आप आरामदायक महसूस करेंगी, बल्कि पेशेवर भी दिखेंगी। सही फिटिंग वाली शर्ट ड्रेस पहनने से आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करेंगी।

### रंगों का चयन समझदारी से करें

ऑफिस के लिए शर्ट ड्रेस चुनते समय रंगों का चयन बहुत अहम होता है। हल्के रंग जैसे सफेद, नीला या हल्का गुलाबी हमेशा पेशेवर लगते हैं और इन्हें किसी भी प्रकार के जूते के साथ आसानी से मिलाया जा सकता है। इसके अलावा गहरे रंग जैसे काला या ग्रे भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं, जो आपको एक गंभीर और पेशेवर लुक देंगे। रंगों का सही चयन आपके ऑफिस लुक को और भी खास बना सकता है।

### एक्सेसरीज का सही उपयोग करें

शर्ट ड्रेस को स्टाइल करने के लिए सही एक्सेसरीज का चयन बहुत जरूरी है। छोटे-छोटे एक्सेसरीज जैसे कान की बालियां या एक साधारण हार आपके लुक को पूरा कर सकते हैं। इसके अलावा एक अच्छा बेल्ट आपकी कमर को हाइलाइट कर सकता है और आपको एक स्मार्ट लुक देगा। अगर आप चाहें तो एक छोटा-सा हैंडबैग भी ले सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बनाएगा और आपको आत्मविश्वास से भरपूर महसूस कराएगा।

# खांसी की समस्या से राहत दिलाने में सहायक हैं कुछ घरेलू नुस्खे, आजमाकर जरूर देखें

खांसी एक आम समस्या है, जो किसी भी मौसम में हो सकती है। यह समस्या ठंड, गले में खराश या एलर्जी के कारण होती है। खांसी होने पर गले में जलन होती है और बार-बार खांसी आने लगती है, जिससे आराम नहीं मिलता है। इस लेख में हम कुछ असरदार घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनसे आप खांसी से जल्दी राहत पा सकते हैं और अपने गले को शांत रख सकते हैं।

**अदरक और तुलसी की चाय पिएं-** अदरक और तुलसी की चाय खांसी के लिए बहुत फायदेमंद होती है। अदरक में ऐसे तत्व होते हैं, जो जलन को कम करते हैं। तुलसी में ऐसे तत्व होते हैं, जो संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। एक कप पानी में कुछ टुकड़े अदरक के डालकर उबालें, फिर उसमें कुछ पत्तियां तुलसी की डालें और इसे 5 मिनट तक पकने दें। अब इसमें थोड़ी शक्कर डालकर पिएं।

**नमक वाले पानी से गरारे करें-** नमक वाले पानी से गरारे करने से गले की जलन कम होती है और राहत मिलती है। एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक मिलाकर इसका इस्तेमाल करें।



### शहद का सेवन करें

शहद एक प्राकृतिक उपाय है, जो खांसी के इलाज में बहुत कारगर है। रात को सोने से पहले एक चम्मच शहद का सेवन करने से गले की जलन कम होती है और नींद भी अच्छी आती है। शहद में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर की सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं और खांसी को दूर करते हैं। इसके अलावा शहद में ऐसे गुण होते हैं, जो संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं।

# धुंध में बढ़ जाती हैं दुर्घटनाएं, गाड़ी चलाते समय सावधानी का रखें खास ध्यान, रहें सुरक्षित

धुंध के कारण सड़क पर देखने की क्षमता कम हो जाती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए धुंध में गाड़ी चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतना जरूरी है। इसके लिए गाड़ी की लाइट्स का सही उपयोग करें, धीमी गति से चलें और अन्य वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। आइए जानते हैं कि धुंध में गाड़ी चलाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**धीमी गति से चलाएं गाड़ी-** धुंध में गाड़ी चलाते समय हमेशा धीमी गति से चलें। इससे न केवल आपकी कार को नियंत्रित करना आसान होगा, बल्कि अन्य वाहन चालकों को भी आपको देखने और आपके साथ सुरक्षित दूरी बनाए रखने में मदद मिलेगी। तेज गति पर



गाड़ी चलाने से आपको आगे क्या है, इसे देखना मुश्किल हो सकता है और इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए हमेशा धुंध में गाड़ी चलाते समय धीमी गति का पालन करें।

**हेडलाइट्स का करें सही इस्तेमाल-** धुंध में गाड़ी चलाते समय अपने हेडलाइट्स का सही इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। अपनी गाड़ी की हेडलाइट्स को कम रोशनी पर सेट करें ताकि अन्य वाहन चालकों को आपकी कार स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। ज्यादा रोशनी का उपयोग करने से सामने चल रहे वाहनों पर तेज रोशनी पड़ती है, जिससे ड्राइवर अंधा हो सकता है और दुर्घटना हो सकती है। इसलिए हमेशा कम रोशनी का ही उपयोग करें।

**पार्किंग लाइट्स का करें उपयोग-** अगर धुंध बहुत ज्यादा हो रही हो तो अपनी गाड़ी को खड़ी करते समय पार्किंग लाइट्स का उपयोग करें। इससे अन्य वाहन चालकों को आपकी गाड़ी का पता लगाना आसान होगा और वे आपसे टकराने से बचेंगे। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि आपकी गाड़ी किसी ऐसे स्थान पर न हो, जहां अन्य वाहनों को निकलने या रुकने में परेशानी हो।

कार्नर न्यूज

## इन बातों का रखें खास ध्यान

# सलीके से पहना जाए बिना स्लीव्स वाला ब्लाउज तो ही लगता है अच्छा

बिना स्लीव्स वाला ब्लाउज भारतीय परिधान का एक खास हिस्सा है। यह न केवल स्टाइलिश दिखता है, बल्कि पहनने में आरामदायक भी होता है। हालांकि, इसे पहनते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि आपका लुक बेहतरीन लगे और आप आत्मविश्वास महसूस करें। सही फिटिंग, कपड़े का चुनाव, गहनों का उपयोग और आत्मविश्वास बनाए रखना जैसे पहलू इस लुक को खास बनाते हैं।



### सही फिटिंग का ध्यान रखें

बिना स्लीव्स वाले ब्लाउज की फिटिंग बहुत जरूरी है। अगर ब्लाउज ढीला होगा तो यह आपके पूरे लुक को खराब कर सकता है। सही फिटिंग वाला ब्लाउज पहनें ताकि यह आपकी छाती और कंधों पर अच्छी तरह से बैठ सके। इसके लिए आप अपने नाप के अनुसार ब्लाउज बनवा सकती हैं या फिर बाजार से सही नाप वाला ब्लाउज खरीद सकती हैं। सही फिटिंग से आपका लुक और भी निखर कर आएगा।

### फैब्रिक का चुनाव करें

बिना स्लीव्स वाला ब्लाउज बनवाते समय फैब्रिक का चुनाव बहुत जरूरी है। सूती, रेशमी या जॉर्जेट जैसे हल्के और हवा लगने वाले फैब्रिक चुनें ताकि गर्मियों में भी आप आरामदायक महसूस करें। भारी फैब्रिक जैसे बनारसी या जरी की कारीगरी वाले कपड़े गर्मियों में असुविधाजनक हो सकते हैं। इसके अलावा हल्के फैब्रिक पहनने से आपका शरीर भी आरामदायक महसूस करेगा और पूरे दिन आप तरोताजा रहेंगी। सही फैब्रिक का चुनाव आपके लुक को और भी खास बना सकता है।

### गहनों का उपयोग करें

बिना स्लीव्स वाले ब्लाउज के साथ सही गहने पहनना आपके पूरे लुक को खास बना सकता है। लंबे झुमके, चोकर हार या चूड़ियां जैसे गहने आपके लुक को और भी आकर्षक बना सकते हैं। हालांकि, गहनों का चयन करते समय संतुलन बनाए रखना जरूरी है ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे। इसके अलावा आप हल्के गहनों का चयन भी कर सकती हैं, जो आपके ब्लाउज के साथ अच्छे से मेल खाएं और आपको एक सुंदर लुक दें।

### आत्मविश्वास बनाए रखें

आखिरकार, बिना स्लीव्स वाला ब्लाउज पहनते समय सबसे अहम चीज है आत्मविश्वास। चाहे आप कितना भी अच्छा कपड़ा और गहने क्यों न पहन लें, अगर आपका आत्मविश्वास कम होगा तो आपका पूरा लुक प्रभावित होगा। इसलिए जब भी आप बिना स्लीव्स वाला ब्लाउज पहनें, पूरे आत्मविश्वास के साथ उसे कैरी करें और खुद पर गर्व महसूस करें। इन सभी बातों का ध्यान रखकर आप बिना स्लीव्स वाला ब्लाउज पहनते समय हर मौके पर शानदार दिख सकती हैं।